दैनिक **नवप्रदेश**
आदित्यवर्णं तमसः परस्तात्
प्रदेश के साथ पूरा देश...

RNI NO.CHHIN/2012/41806 रायपुर, गुरुवार 16 दिसंबर 2021, कृष्ण पक्ष एकादशी, विक्रम संवत-2077 वर्ष-10 अंक-298 पृष्ठ-08 मूल्य-3 रुपए रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित www.navpradesh.com

कुवैत दौरे पर जा सकते हैं मोदी, 40 साल बाद किसी भारतीय पीएम की यात्रा

निवेशकों को लुभाने और रक्षा सहयोग बढ़ाने की है रणनीति

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जल्द ही कुवैत की यात्रा पर जा सकते हैं। खास बात यह है कि पिछले 40 सालों में देश के किसी प्रधानमंत्री की यह पहली कुवैत यात्रा होगी। बताया जा रहा है कि कुवैत जाने की पीएम मोदी की यह योजना पश्चिम एशिया के देशों से संबंधों को मजबूत करना और रणनीतिक साझेदारी को नए मुकाम पर ले जाने का एक रणनीतिक हिस्सा है। बता दें कि तेल के क्षेत्र में कुवैत एक संपन्न देश है और भारत में तेल सप्लाई का एक अहम स्त्रोत भी है। बताया जा रहा है कि इस यात्रा के दौरान पीएम मोदी कुवैती निवेशकों को भारत आने का न्योता दे सकते हैं और इसके अलावा कुवैत से रक्षा सहयोग बढ़ाने की भी कोशिश रहेगी। कुछ मीडिया रिपोर्ट्स में बताया जा रहा है कि पीएम मोदी जनवरी के पहले हफ्ते में कुवैत की यात्रा पर जा सकते हैं। ■ शेष पृष्ठ 6 पर

सरयू घाट पर लगा मुख्यमंत्रियों का रेला, रामलला की नगरी में पहुंचे 8 सीएम

अयोध्या। विश्वनाथधाम के लोकार्पण के मौके पर काशी में जुटे बीजेपी शासित राज्यों के आठ मुख्यमंत्री और तीन उप मुख्यमंत्री पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा के साथ सपत्नी अयोध्या पहुंचे हैं। वहां वे सरयू घाट पर पूजा कर रहे हैं। अयोध्या पहुंचे जेपी नड्डा ने एयरपोर्ट पर मीडिया से बातचीत में कहा, 'मन में एक तमन्ना थी कि भव्य राम मंदिर बने और आज खुशी की बात है कि करोड़ों भारतवासियों का सपना पूरा हो रहा है। हम काशी आए थे। वहां हम सब की इच्छा थी कि हम राम लला के दर्शन करें इसलिए हम यहां आए हैं। अयोध्या पहुंचने पर मध्य प्रदेश के सीएम शिवराज सिंह चौहान ने कहा, 'मेरा सौभाग्य है कि रामलला की जन्मभूमि के अब फिर से दर्शन होंगे। राम मंदिर निर्माण के बाद पहली बार यहां आने का अवसर प्राप्त हुआ। सब सुखी, निरोग रहे और सबका मंगल हो। बिहार के उपमुख्यमंत्री तारकिशोर प्रसाद ने कहा कि, प्रभु श्री राम की नगरी अयोध्या में आकर मैं अभिभूत हूं। पीएम मोदी ने जिस प्रकार से अयोध्या की पुरानी विरासत को एक गौरव प्रदान किया, ये हमारे देश के लिए गर्व की बात है। उन्होंने कहा, मन में एक तमन्ना थी कि भव्य राम मंदिर बने और आज खुशी की बात है कि करोड़ों भारतवासियों का सपना पूरा हो रहा है।

आज बेबाक

पड़ोसी देश आतंकिस्तान अपने नापाक इरादों से तौबा करने के लिए तब तक तैयार नहीं होगा जब तक उसे उसी की भाषा में मुंहतोड़ जवाब नहीं दिया जाएगा। सर्जिकल स्ट्राईक और एयरस्ट्राईक के बाद भी वह कश्मीर में अशांति फैलाने की कोशिशों से बाज नहीं आ रहा है। श्रीनगर में पुलिस बस पर हुए आतंकी हमले के पीछे भी इस कायरिस्तान का ही हाथ है। अब समय आ गया है कि भारत उसके खिलाफ कड़ी कार्यवाही करें और बड़ी से बड़ी सर्जिकल स्ट्राईक करें। इसी तरह पाकिस्तान परस्त आस्तीन के सांपों के खिलाफ भी सर्जिकल स्ट्राईक निहायत जरूरी है।

सूर्योदय

उदय : 7.05 प्रात:

अस्त : 5:39 संध्या

जनसंख्या

विश्व : 7,913,535,100

भारत : 1,400,083,900

बाजार

सेंसेक्स : 57,788.03

निफ्टी : 17,221.40

गोल्ड : 47,150 प्रति 10 ग्राम

चांदी : 60,900 प्रति किग्रा

अण्डा दर : 5.06 प्रति नग

दिवस

विजय दिवस : भारत में हर साल 16 दिसंबर को विजय दिवस मनाया जाता है। 3 दिसंबर 1971 को भारत और पाकिस्तान के बीच में युद्ध की शुरुआत हुई, जो 13 दिनों तक चला और 16 दिसंबर को आधिकारिक रूप से समाप्त हो गया। इस युद्ध के बाद पाकिस्तानी सेना ने भारतीय सशस्त्र बलों के सामने आत्मसमर्पण कर दिया। पाकिस्तानी सेना के प्रमुख जनरल ए.ए. खान नियाजी ने 93,000 सैनिकों के साथ भारतीय सेना और बांग्लादेश के मुक्ति बहानी के सामने आत्मसमर्पण किया।

5 दिन का विस सत्र 3 दिनों में स्थगित

सत्ता पक्ष ने भाजपा पर चर्चा से भागने का लगाया आरोप

रायपुर/नवप्रदेश। छग विधानसभा का 5 दिवसीय शीतकालीन सत्र तीन दिन में सिमट गया। विपक्ष के असहयोगात्मक रवैये के चलते सरकार को अपने सारे संवैधानिक कामकाज, अनूपूरक बजट, संशोधन विधेयकों को बुधवार को ही पास कराना पड़ा। और इसके बाद विधानसभा की कार्यवाही अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दी गई है। इधर सदन की कार्यवाही का भाजपा के सदस्यों द्वारा बहिष्कार किये जाने के बाद उनकी अनुपस्थिति में राज्य सरकार ने सभी संशोधित विधेयक ध्वनिमत से पारित कर दिए।

छत्तीसगढ़ विधानसभा के शीतकालीन सत्र में 5 बैठकें आहूत थी, लेकिन दो दिन पहले ही अनिश्चितकाल के लिए कार्यवाही स्थगित कर दी गई। पहले दिन दिवंगतों को श्रद्धांजलि एवं दूसरे व तीसरे दिन सदन की कार्यवाही विपक्ष के हंगामे की भेंट चढ़ गई। सत्र के दूसरे दिन भाजपा सदस्यों ने पीएम आवास योजना को लेकर सरकार को घेरा। सदन में भाजपा के हंगामे के बाद कारवाही को स्थगित करना पड़ा। वहीं तीसरे दिन भी प्रश्नकाल के दौरान चिटफंड, धन उपार्जन और रेडी टू ईट मामले में भाजपा ने राज्य सरकार पर ताबड़तोड़ आरोपों की झड़ी लगा दी। लेकिन सरकार की ओर से भी संबंधित विभागीय मंत्रियों ने विपक्ष को माकूल जवाब दिया।

तीसरे दिन सदन में दो बार भाजपा के सदस्य गर्भगृह में प्रवेश कर गए जिसके बाद निलंबित भी हुए। भाजपा ने रेडी टू ईट मामले आसंदी से ■ शेष पृष्ठ 6 पर

प्रदेश के बीजेपी नेताओं पर हंटर चलाते हैं ऊपर के नेता : भूपेश

सभी वर्गो के लोग सरकार के काम से संतुष्ट

मीडिया से चर्चा के दौरान मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि भाजपा केवल राजनीतिक लाभ लेना चाहती है। भाजपा के पास कोई मुद्दा बचा ही नहीं है इसलिए वो चर्चा से भाग गई है। मुख्यमंत्री ने तंज कसते हुए कहा कि प्रदेश के बीजेपी नेता चर्चा तो करना चाहते हैं लेकिन ऊपर के नेता हंटर चलाते हैं। छत्तीसगढ़ में सभी वर्गों के लोग सरकार के कार्यों से संतुष्ट हैं। सभी वर्ग के लोग खुश हैं। मुख्यमंत्री ने कहा है बीजेपी, संघ और बजरंग दल कवर्धा मामले पर पूरी सर्वे करवा ले। अपनी खीज निकालने के लिए बीजेपी धर्मांतरण की बात बार-बार करती है। कवर्धा विवाद में प्रशासन की कार्रवाई नहीं करती तो हमारी गलती थी लेकिन तुरंत सरकार ने कार्रवाई की है। 2003 से 2018 के बीच कितने चर्च बने हैं यह भाजपा पहले बता दें। उन्होंने कहा कि कवर्धा मुद्दा निपट गया था, उनके पास मुद्दा नहीं था। अब चिटफंड और रेडी टू ईट को लेकर भी सदन में भाजपा के पास कोई जवाब नहीं था, इसलिए अपनी इज्जत बचाने के लिए भाजपा सदस्य सदन छोड़कर भाग गए।

सीडीएस चॉपर क्रैश में जख्मी हुए ग्रुप कैप्टन वरुण सिंह का निधन

■ जान बचाने एक सप्ताह तक डॉक्टरों ने की मशक्कत

नई दिल्ली। बीते सप्ताह तमिलनाडु के नीलगिरि जिले में सीडीएस जनरल बिपिन रावत के चॉपर क्रैश में जख्मी हुए ग्रुप कैप्टन वरुण सिंह का भी निधन हो गया है। इंडियन एयरफोर्स के ग्रुप कैप्टन वरुण सिंह अकेले ऐसे सदस्य थे, जो घटना के बाद जीवित मिले थे और उन्हें बचाने के तमाम प्रयास किए। लेकिन डॉक्टरों की तमाम कोशिशें बेकार साबित हुई और बुधवार को उन्होंने दम तोड़ दिया। सूत्रों के मुताबिक हेलिकॉप्टर क्रैश हादसे में उनका शरीर 90 फीसदी से ज्यादा जल चुका था और उनकी हालत लगातार गंभीर बनी हुई थी। हाल ही में उन्हें इलाज के लिए चेन्नै से बेंगलुरु के सैन्य अस्पताल में शिफ्ट किया गया था। पूरे एक सप्ताह तक डॉक्टर उनके जीवन को बचाने के लिए मशक्कत करते रहे, लेकिन सफलता नहीं मिल पाई। ■ शेष पृष्ठ 6 पर

अगस्त में ही मिला था शौर्य चक्र सम्मान

पिछले साल एक बड़ी तकनीकी खामी की चपेट में आए लड़ाकू विमान तेजस को संभावित दुर्घटना से सफलतापूर्वक बचा लेने के उत्कृष्ट कार्य के चलते ग्रुप कैप्टन सिंह को अगस्त महीने में शौर्य चक्र से नवाजा गया था। देश भर में उनके दीर्घायु होने की दुआएं मांगी जा रही थीं, लेकिन उन्हें बचाया नहीं जा सका।

समर्थकों सहित राकेश टिकैत की घर वापसी

■ दिल्ली बॉर्डर से 383 दिन बाद घर लौट रहे हैं किसान

गाजियाबाद। तीन कृषि कानूनों की वापसी को लेकर केंद्र सरकार के साथ ऐतिहासिक जंग के बाद किसान नेता राकेश टिकैत और उनके समर्थक बुधवार को दिल्ली-यूपी बॉर्डर से घरों की ओर रवाना हो गए। गाजीपुर बॉर्डर इन किसानों का 383 दिनों से ठिकाना बना हुआ था। एक साल तक सर्दी, गर्मी और बरसात झेलते हुए इन किसानों ने आंदोलन को जारी रखा और अब केंद्र सरकार की ओर से इनकी सभी मांगें मान लिए जाने के बाद इन्होंने घर वापसी का फैसला किया है।

घर वापसी के इस मौके पर किसान बेहद खुश और उत्साहित दिखे। भारतीय किसान यूनियन के सदस्य और समर्थक देशभक्ति के गानों और परंपरागत धुनों पर नाचते हुए नजर आए। किसानों की खुशहाली की प्रार्थन करते हुए दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेसवे स्थित यूपी गेट पर सुबह हवन भी किया गया। पिछले एक साल में प्रदर्शन स्थलों पर बनाए गए टेंट-तंबुओं को हटाकर ट्रैक्टर ट्रॉलियों पर लाद दिया गया। बीकेयू के राष्ट्रीय प्रवक्ता टिकैत ने सोशल मीडिया पर अपने काफिले के स्वागत की तस्वीरें और वीडियो साझा किए, जब वे पश्चिमी यूपी के मुजफ्फरनगर जिले के सिसौली गांव के लिए गाजीपुर से निकले थे।

यूपी में कांग्रेस को नहीं मिलेगी एक भी सीट : अखिलेश

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री और समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव का दावा है कि अगले विधानसभा चुनाव में कांग्रेस पार्टी का खाता तक नहीं खुलेगा। इंडिया टुडे के साथ एक इंटरव्यू के दौरान जब उनसे प्रियंका गांधी की रैलियों के बारे में पूछा तो उन्होंने यह बात कही। उन्होंने कहा कि 2017 का अनुभव काफी खराब रहा। इसके अलावा और भी मुद्दों पर उन्होंने बात की।

सरदार पटेल की पुण्यतिथि : राहुल गांधी बोले-

वो पिता की तरह हमें मिले, जिन्होंने यह सुंदर राष्ट्र बनाया

नई दिल्ली। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने बुधवार को सरदार वल्लभ भाई पटेल को उनकी पुण्यतिथि पर श्रद्धांजली दी।

राहुल गांधी ने फेसबुक पर लिखा, 'सरदार वल्लभ भाई पटेल को उनकी पुण्यतिथि पर मेरी श्रद्धांजलि। वो पिता की तरह हमें मिले जिन्होंने यह सुंदर राष्ट्र बनाया। हमें भारत की आत्मा की रक्षा के लिए एक होना चाहिए।' राहुल गांधी के अलावा कांग्रेस पार्टी ने अपने ट्विटर हैंडल के जरिये सरदार पटेल को याद किया। पार्टी की तरफसे कहा गया, ''सरदार पटेल एकता की ■ शेष पृष्ठ 6 पर

भारत का मोस्ट वांटेड गैंग्स्टर पुजारी फिलीपींस में गिरफ्तार, भारत लाया गया

नई दिल्ली। गैंग्स्टर सुरेश पुजारी को फिलीपींस से भारत डिपोर्ट कर दिया है। यह जानकारी न्यूज एजेंसी पीटीआई को एक सीनियर पुलिस अधिकारी ने दी है। महाराष्ट्र के मुंबई और कर्नाटक में जबरन वसूली के कई मामलों में वांछित गैंग्स्टर सुरेश पुजारी को भारत भेज दिया गया है। रिपोर्ट के मुताबिक सुरेश मुंबई के पास मुंबई, ठाणे, कल्याण, उल्हासनगर और डोंबिवली में भी जबरन वसूली के मामलों में वांछित था। फिलीपींस से डिपोर्ट किए जाने के बाद 14 दिसंबर की देर रात उसे गिरफ्तार कर लिया गया है। खुफिया अधिकारियों और सेंट्रल ब्यूरो ऑफ इन्वेस्टीगेशन के अधिकारियों ने नई दिल्ली हवाई अड्डे पर उतरने के बाद उसे हिरासत में ले लिया। अधिकारियों ने बताया है कि सेंट्रल एजेंसियों ■ शेष पृष्ठ 6 पर

दीदी के बोल -

यूपी, पंजाब व गोवा विस चुनाव से शुरू होगा बीजेपी का सूर्यास्त

नई दिल्ली। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री और तृणमूल कांग्रेस सुप्रीमो ममता बनर्जी इन दिनों गोवा में ताबड़तोड़ जनसभा कर रही हैं।

मंगलवार को उन्होंने पणजी में एक सभा के दौरान भारतीय जनता पार्टी पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि कि गोवा, उत्तर प्रदेश और पंजाब जैसे राज्यों से बीजेपी का सूर्यास्त शुरू हो रहा है। इन सभी राज्यों में 2022 की शुरुआत में विधानसभा चुनाव होने वाले हैं। दरअसल, ममता बनर्जी पणजी में एक जनसभा में ■ शेष पृष्ठ 6 पर

आर्यन को एनसीबी में अब नहीं देनी पड़ेगी हाजिरी

■ ड्रग्स केस में बॉम्बे हाईकोर्ट ने दी बड़ी राहत

नई दिल्ली। बॉलीवुड सुपरस्टार शाहरुख खान के बेटे आर्यन खान को ड्रग्स मामले में राहत मिली है। अब आर्यन को हर शुक्रवार को मुंबई में NCB के दफ्तर में हाजिरी लगाने नहीं पहुंचना होगा। शाहरुख खान को ये राहत बॉम्बे हाई कोर्ट ■ शेष पृष्ठ 6 पर

शाहरुख ने लगाया था पूरा जोर

आर्यन खान को NCB ने 3 अक्टूबर को गिरफ्तार किया था जिसके बाद इस मामले में काफी एक्शन देखने को मिला। सुपरस्टार शाहरुख खान ये खबर मिलते ही शूटिंग छोड़कर स्कॉटलैंड से भारत चले आए थे और तब से लगातार उनकी पूरी लीगल टीम आर्यन को जमानत दिलाने की कोशिशों में लगी हुई थी।

डबल मर्डर केस में आरजेडी विधायक अनंत सिंह को स्पेशल कोर्ट ने किया बरी

पटना। बिहार के मोकामा से आरजेडी के बाहुबली विधायक अनंत सिंह को कोर्ट से बड़ी राहत मिली है। डबल मर्डर केस में पटना की एमपी-एमएलए स्पेशल कोर्ट ने अनंत सिंह समेत तीन आरोपियों को बरी कर दिया है। अभियोजन पक्ष अपना आरोप साबित करने में असफल रहा। बता दें कि बीते साल भी हत्या और अपहरण के एक मामले में अनंत सिंह बरी हुए थे। इस केस में अभियोजन पक्ष अपना आरोप साबित करने में असफल रहा, जिसके बाद कोर्ट ने सबूतों के अभाव में अनंत सिंह को बरी कर दिया गया था।

जानकारी के मुताबिक, पूरा मामला साल 2013 का है, जिसमें बेऊर थाना इलाके से एक शख्स का अपहरण हुआ था। जमीन विवाद में सुलह को लेकर ये किडनैपिंग हुई थी, जिसमें पुलिस को शख्स का पता नहीं चल सका।

अंदेशा... कम लक्षण वाले केस ज्यादा आ सकते हैं सामने, केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय का अनुमान

जनवरी-फरवरी में घातक हो सकता है ओमिक्रॉन

नई दिल्ली। कोरोना वायरस के ओमिक्रॉन वेरिएंट का कहर कई देशों में मौजूद है। भारत में अभी ओमिक्रॉन के केस जनवरी-फरवरी के महीने में बढ़ सकते हैं। स्वास्थ्य विभाग से जुड़े एक अधिकारी ने बताया कि जिस तरह डेल्टा स्ट्रेन ने रफ्तार पकड़ी थी हो सकता है कि यह वेरिएंट भी रफ्तार पकड़े। हालांकि यह भी कहा जा रहा है कि ओमिक्रॉन के ज्यादा माइल्ड केस ही सामने आएंगे। विश्व स्वास्थ्य संगठन की तरफ से कहा गया है कि ओमिक्रॉन तेजी से बढ़ रहा है और अभी यह दुनिया के 77 देशों में मौजूद है। हालांकि अधिकारियों का कहना है कि ओमिक्रॉन से घबराने की नहीं

बल्कि इसके ट्रांसमिशन को रोकने की जरुरत है।

विश्व स्वास्थ्य संगठन की हालिया रिपोर्ट में कहा गया है कि कोरोना वायरस के पूर्ववर्ती स्वरूपों की तुलना में ओमिक्रॉन से कम गंभीर संक्रमण होता प्रतीत हो रहा है। बताया जा रहा है कि ओमिक्रॉन का असर डेल्टा वेरिएंट से कम रहेगा। भारत में स्वास्थ्य अधिकारियों का कहना है कि अभी यह कोशिश की जा रही है कि ज्यादा से ज्यादा लोगों को कोरोना वैक्सीन का फुल डोज दिया जाए। विश्व स्वास्थ्य संगठन की रिपोर्ट में कहा गया है कि फाइजर का टीका संक्रमण के खिलाफ कम रक्षा प्रदान करता नजर आ रहा है लेकिन यह अस्पताल में भर्ती होने की संभावना को अब भी कम रखने में कारगर है। इस बारे में दक्षिण अफ्रीका में व्यापक स्तर पर किया गया एक विश्लेषण मंगलवार को जारी किया गया।

अफ्रीका में मिल रहे 90 फीसदी ओमिक्रॉन वैरिएंट के मामले

ये आंकड़े दक्षिण अफ्रीका में ओमिक्रॉन की लहर के प्रथम तीन हफ्तों से लिए गये। दक्षिण अफ्रीका पहला देश है जहां ओमीक्रॉन स्वरूप के मामलों में तीव्र वृद्धि देखी गई। डिस्कवरी हेल्थ के मुख्य कार्यकारी डॉ रयान नोच ने कहा , ''नेटवर्क फॉर जीनोमिक सरवेलिएंस इन साउथ अफ्रीका ने शानदार जेनेटिक निगरानी कर यह पता लगाया कि ओमिक्रॉन स्वरूप से संक्रमण देश में नये संक्रमण में 90 प्रतिशत से अधिक है और इसने पहले से प्रबल रहे डेल्टा स्वरूप की जगह ले ली।''

दो डोज लगवा चुके लोग 33 फीसदी सेफ

अध्ययन के नतीजों में पाया गया है कि जिन लोगों को टीके की दो खुराक लग गई थी उनमें ओमिक्रॉन से 33 प्रतिशत सुरक्षा पाई गई। साथ ही, फाइजर टीके की दोनों खुराक ले चुके लोगों के इसी अवधि में अस्पताल में भर्ती होने की दर 70 प्रतिशत कम रही जबकि डेल्टा स्वरूप की लहर के दौरान देश में यह दर 93 प्रतिशत थी।

45 हाथियों के दल ने तोड़े 18 मकान

कोरबा। छत्तीसगढ़ के कोरबा जिले के कटघोरा वन मंडल के पसान वनपरिक्षेत्र में 45 हाथियों के दल ने जमकर उत्पात मचाया है। हाथियों ने एक ही रात में तीन गांव के 18 घरों को तोड़ दिया और घरों में रखे अनाज को भी चट कर गए। हाथियों की दस्तक से आसपास के गांवों में धान मिंजाई का काम भी बंद हो गया है। झुंड अभी बरबस पारा पहाड़ के निकट है। दिनभर जंगल में रहने के बाद हाथी रात को गांवों की तरफ आ रहे हैं। विभाग ने हाथियों की निगरानी के लिए वन कर्मियों की ड्यूटी लगाई है। वहीं ग्रामीणों को सुरक्षित जगहों पर जाने की समझाइश दी गई।

आंध्रा में नाले में गिरी बस, 9 लोगों की मौत

नई दिल्ली। इधर आंध्र प्रदेश में एक भयानक सड़क हादसा हो गया। इस हादसे में 9 लोगों की मौत हो गई। बताया जा रहा है कि बस नाले में गिर गई। इस हादसे के बाद वहां अफरातफरी मच गई। आंध्र प्रदेश स्टेट रोड ट्रांसपोर्ट कॉरपोरेशन (आंध्र प्रदेश स्टेट रोड ट्रांसपोर्ट कॉरपोरेशन की बस जिलेरु नाले में गिर गई। पुलिस ने जानकारी दी है कि यह बस जंगारेड्डीगुडम से अश्वोरापेट जा रही थी। बताया जा रहा है कि बस के ड्राइवर ने अचानक अपना संतुलन खो दिया। जिसके बाद यह हादसा हुआ। इस हादसे में कई लोगों के घायल होने की खबर है। बताया जा रहा है कि घायलों में 5 महिलाएं भी शामिल हैं।

निष्पक्षता से कराएं निर्वाचन, कोविड प्रोटोकाल का पालन करें सुनिश्चित

निर्वाचन आयुक्त ठाकुर राम सिंह ने भिलाई निगम में ली निर्वाचन अधिकारियों की बैठक

नव प्रदेश संवाददाता

दुर्ग। नगरीय निकायों के निर्वाचन को देखते हुए तैयारियों के संबंध में एक महत्वपूर्ण बैठक निर्वाचन आयुक्त ठाकुर राम सिंह ने बुधवार को भिलाई निगम सभाकक्ष में ली। बैठक में निर्वाचन अधिकारियों को दिये अपने निर्देश में श्री सिंह ने कहा कि निष्पक्षता और पारदर्शिता के साथ निर्वाचन संपन्न करने की दिशा में आपको कार्य करना है। इसके लिए जो भी संभव उपाय हैं वो किये जाएं। आयोग के निर्देशों के मुताबिक मतगणना स्थल पर सीसीटीवी कैमरा आदि की व्यवस्था सुनिश्चित होनी चाहिए। बैठक में प्रेक्षक भिलाई पी. दयानंद, प्रेक्षक रिसाली राजेश सुकमार टोप्पो, प्रेक्षक नगर निगम भिलाई चरौदा अवनीश शरण तथा प्रेक्षक जामुल नरेंद्र कुमार दुग्गा, कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेंद्र भुरे, एसएसपी बद्रीनारायण मीणा, उप जिला निर्वाचन अधिकारी खेमलाल वर्मा, आरओ रिसाली नूपुर राशि पन्ना, आरओ भिलाई पदमिनी भोई, आरओ भिलाई चरौदा विपुल गुप्ता, आरओ जामुल जागेश्वर कौशल सहित अन्य

अधिकारी मौजूद थे। आयुक्त ने कहा कि कोविड प्रोटोकाल का पालन बेहद जरूरी है। सभी पोलिंग एजेंट का वैक्सीनेशन जरूरी है। इसके अलावा मतदान के कार्य में लगे अन्य लोगों का वैक्सीनेशन भी जरूरी है। उन्होंने कहा कि मताधिकार सबके लिए है। यदि कोई कोविड मरीज भी मतदान डालना चाहता है तो उसे मतदान करने दिया जाएगा। इसकी वजह से अन्य मतदाताओं को कोई असुविधा न हो, इसके लिए प्रशासन इनसे समन्वय कर कोविड मरीज के मतदान का समय नियत कर देगा। कोविड मरीज को पीपीई किट आदि पहन कर ही मतदान करना होगा। कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेंद्र भुरे ने बताया कि कोविड प्रोटोकाल का विशेष ध्यान रखा गया है। मतदान दलों को जो किट दिये जाएंगे, उसमें भी सैनिटाइजर दिया जाएगा। इसके अलावा मतदान केंद्रों में भी सैनिटाइजेशन की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी।

अनुमति पर निर्णय निर्धारित समयावधि में करें, बिना अनुमति जुलूस-रैली पर प्रत्याशियों को जारी करें नोटिस- आयुक्त ने कहा कि रिटर्निंग आफि सर प्रत्याशियों को जुलूस रैली आदि की अनुमति के आवेदन पर निर्णय समयावधि में दें। बिना अनुमति जुलूस रैली आदि पर प्रत्याशियों को नोटिस जारी करें।

उन्होंने कहा कि जिन प्रत्याशियों द्वारा व्यय की नियमित जानकारी नहीं दी जा रही है उन पर भी नियमानुसार कार्रवाई करें।

बीएमडीसी के बहुआयामी प्रशिक्षण से सैकड़ों लाभान्वित

नव प्रदेश संवाददाता

भिलाई। सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के मानव संसाधन विकास विभाग द्वारा संचालित भिलाई मैनेजमेंट डेवलपमेंट सेंटर में विविध प्रशिक्षण कार्यक्रमों का नियमित आयोजन किया जाता है। जिसमें संयंत्र के विभिन्न विभागों के प्रतिभागीगण प्रशिक्षित किये जाते है। जिसमें बीएसपी का चिकित्सा विभाग भी शामिल है। बीएसपी का मानव संसाधन विकास विभाग का भिलाई मैनेजमेंट डेवलपमेंट सेंटर चिकित्सा टीम के लिए उनके प्रबंधकीय, नेतृत्व, संचार, योजना, वित्त-उन्मुख, प्रशासनिक तथा विभिन्न ऑनलाइन और ऑफ लाइन कार्यक्रमों के माध्यम से प्रशिक्षित कर उनके कौशल को बढ़ाने का बेहतरीन अवसर प्रदान कर रहा है। विदित हो कि पिछले 2 वर्षों में भिलाई मैनेजमेंट डेवलपमेंट सेंटर में कुल 100 डॉक्टरों और नर्सों को प्रशिक्षित किया गया है।

इंटर ब्रांच टूर्नामेंट का समापन, बिश्वजीत बने मैन आफ द मैच

नव प्रदेश संवाददाता

दुर्ग। श्री शंकराचार्य टैक्नीकल कैम्पस दुर्ग में इंटर ब्रांच क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। जिसमें मेकेनिकल टीम एवं शंकरा 11 के बीच फाइनल मुकाबला खेला गया। इस मुकाबले में टीम शंकरा ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 10 ओवरों में 60 रन बनाएं। रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी मेकेनिकल टीम ने 9.1 ओवरों में 2 विकेट से जीत हासिल कर ली। इस फाइनल मुकाबले में बिस्वजीत दलाई को मैन आफ द

मैच का पुरस्कार दिया गया। विजेता टीम से सैफ सिद्दीकी (23) ने सर्वाधिक रन बनाएं। पहले गेंदबाजी करने वाली टीम से बिस्वजीत दलाई ने किफायती गेंदबाजी की और उन्होने अपने 2 ओवरों में 2 महत्वपूण विकेट लिए और 12 रन दिए। क्षेत्ररक्षण में अतुल का अतुलनीय सहयोग मिला।

सांई बाबा मंदिर में वार्षिक महोत्सव आज से

धार्मिक कार्यक्रमों के अलावा सांस्कृतिक प्रस्तुतियों की बिखरेगी छटां

नव प्रदेश संवाददाता

दुर्ग। सिविल लाईन कसारीडीह स्थित प्रसिद्ध श्री सांई बाबा मंदिर में आज, कल व 18 दिसम्बर को तीन दिवसीय श्री सांई महोत्सव धूमधाम से मनाया जाएगा। महोत्सव का यह 45 वां वर्ष है। इस अवसर को यादगार बनाने मंदिर में जहां धार्मिक कार्यक्रमों की गूंज रहेगी, वहीं छत्तीसगढ़ मंच और ओम तिवारी ग्रुप दुर्ग अपने सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध करेगे।

इस वर्ष कोरोना सुरक्षा के नियमों का पालन करते हुए भंडारा (महाप्रसादी) का आयोजन नही किया गया है। इसके अलावा अन्य कार्यक्रमों को भी सीमित किया गया। श्री सांई बाबा की शोभायात्रा (पालकी) भी मंदिर के पास ही भ्रमण करेगी। महोत्सव को लेकर मंदिर में विशेष विद्युत साज-सज्जा की गई है। जो आकर्षण का केंद्र बने हुए है। उक्ताशय की जानकारी देते हुए मंदिर समिति के अध्यक्ष श्रीकांत समर्थ एवं सचिव धनेन्द्र सिंह चंदेल ने संयुक्त रूप से बताया कि श्री सांई महोत्सव का शुभारंभ 16 दिसम्बर को सुबह 7 बजे सांई बाबा के महाभिषेक के साथ होगा।

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा
पंजी. नं. 202112100400213

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदिका नीलिमा शर्मा पति रितेश शर्मा निवासी सांई नगर उरला द्वारा अपने स्वामित्व की भूमि ग्राम उरला प.ह.न. 17/7 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 813/24 रकबा 0.029 हें/ 3120 वर्गफीट के आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 59 (2) के तहत् पुर्ननिर्धारण बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा -आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 13.12.2021 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी, दुर्ग जिला, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा
पंजी. नं. 202112100400212

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदिका निरूपा चंद्राकर पति दिनेश कुमार चंद्राकर निवासी सांई नगर उरला द्वारा अपने स्वामित्व की भूमि ग्राम उरला प.ह.न. 17/7 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 813/7 रकबा 0.0360 हें/ 3965 वर्गफीट के आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 59 (2) के तहत् पुर्ननिर्धारण बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा -आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 13.12.2021 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी, दुर्ग जिला, दुर्ग (छ.ग.)

नाम-परिवर्तन

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैं अपना पुराना नाम Pooja को बदलकर नया नाम Pooja Kumari D/o Yogaiah पता K-1-197 Junwani road Suryavihar colony Nehru Nagar Bhilai Dist-Durg (C.G.) 490020 तहसील व जिला दुर्ग रख लिया है।

अत: अब भविष्य मुझे समस्त शासकीय, अर्द्धशासकीय व अन्य दस्वावेजों में मेरा नया नाम Pooja Kumari D/o Yogaiah से जाना व पहचाना जावे।

Pooja Kumari
K-1-197 Junwani
road Suryavihar colony
Nehru Nagar, Bhilai
Dist-Durg (C.G.) 490020

शपथकर्ता — मुहर — POOJA KUMARI

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार भिलाई के न्यायालय में मामला
क्रमांक: 202112101000087/202112101000087
विषय: अ-6 सन्- 2020-2021
मामले की श्रेणी-राजस्व
कुरूद प.ह.न. 00050 (हे.)
पक्षकारों का विवरण- आवेदक पक्षकार - नित्यानंद सिंह / अनावेदक पक्षकार-
ईश्तहार

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक नित्यानंद सिंह पिता ललन सिंह निवासी घासीदास नगर भिलाई द्वारा ग्राम कुरूद प.ह.न 19अ रा.नि.म कोहका तह. व जिला दुर्ग स्थित भूमि ख.न 997/1 रकबा 0.320 हे. में से रकबा 0.010/1100 वर्गफीट भूमि को रजिस्टर्ड बैनामा के माध्यम से विक्रेता फान्टू यादव पिता स्व. गंगाराम (अन्य-11) के तरफ से आममुख्तयार प्रेम नारायण देवांगन पिता अवधराम देवांगन निवासी लीला मंच के पार कुरूद भिलाई से क्रय किए जाने के आधार पर अपने नाम नामांतरण किए जाने बाबत् आवेदन पत्र मय बैनामा की छायाप्रति प्रस्तुत किया गया है।

उपरोक्त भूमि का नामांतरण किए जाने पर किसी भी व्यक्ति/ संस्था को उजर दावा हो सुनवाई तिथि दिनांक 27.12.2021 तक या उसकेपूर्व स्वयं या अपने मान्य अधिवक्तागण के साथ उपस्थित होकर अपना आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 10.12.2021 को जारी किया जाता है।

अति. तहसीलदार, भिलाई (छ.ग.)

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार पाटन के न्यायालय में मामला
क्रमांक: 202112100900008/202112100900008
विषय: अ-74 सन्- 2020-2021
मामले की श्रेणी-राजस्व
मोतीपुर प.ह.न. 00008 (810/4 (0.1000 हे.)
पक्षकारों का विवरण- आवेदक पक्षकार - / अनावेदक पक्षकार -
ईश्तहार

एतद द्वारा सर्वसाधारण एवं ग्राम मोतीपुर प.ह.न 8 तह. पाटन जिला दुर्ग के आम जनता को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि आवेदक सैय्यद जनवर अलि पिता सैय्यद अहमद अलि निवासी रवि नगर रायपुर द्वारा ग्राम मोतीपुर प.ह.नं.-8 तह. पाटन जिला दुर्ग स्थित अपने नाम दर्ज भूमि खसरा नं. 810/4 रकबा 0.10 हे. का मूल ऋणपुस्तिका गुम हो जाने से द्वितीय प्रति ऋणपुस्तिका प्रदाय किए जाने हेतु प्रस्तुत आवेदन पर प्रकरण विचाराधीन है।

अतः आवेदक सैय्यद जनवर अली पिता सैय्यद अहमद अली द्वारा प्रस्तुत आवेदन के आधार पर उपरोक्त भूमि का आवेदक को द्वितीय प्रति ऋणपुस्तिका प्रदाय किए जाने की कार्यवाही में जिस किसी भी व्यक्ति/ संस्था को उजर दावा हो सुनवाई तिथि दिनांक 17.12.2021 तक या उसकेपूर्व स्वयं या अपने मान्य अधिवक्तागण के साथ उपस्थित होकर अपना आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 04.12.2021 को जारी किया जाता है।

अति. तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार पाटन के न्यायालय में मामला
क्रमांक: 202112100900064/202112100900064
विषय: अ-6 सन्- 2020-2021
मामले की श्रेणी-राजस्व
सांकरा प.ह.न. 00008
पक्षकारों का विवरण- आवेदक पक्षकार - / भावना ठाकुर अनावेदक पक्षकार -
ईश्तहार

एतद द्वारा सर्वसाधारण एवं ग्राम सांकरा प.ह.न 8 तह. पाटन जिला दुर्ग के आम जनता को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि आवेदिका भावना ठाकुर पति संजीव ठाकुर निवासी रायपुर तह. व जिला रायपुर द्वारा ग्राम सांकरा प.ह.नं.-8 तह. पाटन जिला दुर्ग स्थित हर्ष कुमार ठाकुर पिता विशंभरनाथ ठाकुर के नाम दर्ज भूमि खसरा नं. 1628/2 का टुकड़ा 1630 रकबा 0.06, 0.30 हे. को आवेदक के पक्ष में निष्पादित वसीयतनामा दिनांक 07/03/2017 उपरांत भूमिस्वामी हर्ष कुमार ठाकुर का दिनांक 20/10/2020 को फौत हो जाने से पंजीकृत वसीयतनामा के आधार पर अपने नाम नामांतरण किए जाने हेतु प्रस्तुत आवेदन आधार पर प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः आवेदिका भावना ठाकुर पति संजीव ठाकुर द्वारा प्रस्तुत आवेदन के आधार पर उपरोक्तानुसार नामांतरण की कार्यवाही में जिस किसी भी व्यक्ति/ संस्था को उजर दावा हो सुनवाई तिथि दिनांक 06.1.2022 तक या उसके पूर्व स्वयं या अपने मान्य अधिवक्तागण के साथ उपस्थित होकर अपना आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 14.12.2021 को जारी किया जाता है।

अति. तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार भिलाई के न्यायालय में मामला
क्रमांक: 202112101000075/202112101000075
विषय: अ-6 सन्- 2020-2021
मामले की श्रेणी-राजस्व
कोहका प.ह.न. 00019 (हे.)
पक्षकारों का विवरण- आवेदक पक्षकार - मोहम्मद मोज्जाम मेहर / अनावेदक पक्षकार-
ईश्तहार

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक मोहम्मद मोज्जाम मेहर पिता मोहम्मद अंसारूल हसनैन पता कोहका भिलाई द्वारा ग्राम कोहका प.ह.न 19 रा.नि.म कोहका तह. व जिला दुर्ग स्थित भूमि ख.न 1703/28 रकबा 0.010 हे. 1200 वर्गफीट भूमि को रजिस्टर्ड बैनामा के माध्यम से विक्रेता मंसूर अली पिता स्व. रहीमउल्लाह निवासी कोहका भिलाई से क्रय किए जाने के आधार पर अपने नाम नामांतरण किए जाने बाबत् आवेदन पत्र मय बैनामा की छायाप्रति प्रस्तुत किया गया है।

उपरोक्त भूमि का नामांतरण किए जाने पर किसी भी व्यक्ति/ संस्था को उजर दावा हो सुनवाई तिथि दिनांक 27.12.2021 तक या उसकेपूर्व स्वयं या अपने मान्य अधिवक्तागण के साथ उपस्थित होकर अपना आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 09.12.2021 को जारी किया जाता है।

अति. तहसीलदार, भिलाई (छ.ग.)

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार भिलाई के न्यायालय में मामला
क्रमांक: 202112101000076/202112101000076
विषय: अ-6 सन्- 2020-2021
मामले की श्रेणी-राजस्व
कोहका प.ह.न. 00019 (हे.)
पक्षकारों का विवरण- आवेदक पक्षकार - श्रीमती पज्ञानन प्रमिता / अनावेदक पक्षकार-
ईश्तहार

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमीत प्रज्ञानन प्रमिता पति राजीव कुमार पता कोहका भिलाई द्वारा ग्राम कोहका प.ह.न 19 रा.नि.म कोहका तह. व जिला दुर्ग स्थित भूमि ख.न 910/1 रकबा 0.010 हे. 1200 वर्गफीट भूमि को रजिस्टर्ड बैनामा के माध्यम से विक्रेता श्रीमती प्रमिला वैध पति भजन दास वैध निवासी राधिका नगर सुपेला भिलाई से क्रय किए जाने के आधार पर अपने नाम नामांतरण किए जाने बाबत् आवेदन पत्र मय बैनामा की छायाप्रति प्रस्तुत किया गया है।

उपरोक्त भूमि का नामांतरण किए जाने पर किसी भी व्यक्ति/ संस्था को उजर दावा हो सुनवाई तिथि दिनांक 27.12.2021 तक या उसकेपूर्व स्वयं या अपने मान्य अधिवक्तागण के साथ उपस्थित होकर अपना आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 09.12.2021 को जारी किया जाता है।

अति. तहसीलदार, भिलाई (छ.ग.)

नाम-परिवर्तन

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैं शपथकर्ता निर्णय मानिक (NIRNAY MANIK) पिता श्री मानदास मानिक उम्र 41 वर्ष निवासी मकान नं. 207 वार्ड नं. 6 ठेठवार पारा दुर्ग तह. व जिला दुर्ग छ.ग. का हूं। मेरे पुत्र की जन्मतिथि 15/10/2014 है। पुत्र के शैक्षणिक प्रमाण पत्रों में उसका नाम हार्दिक मानिकपुरी (HARDIK MANIKPURI) एवं मेरा निर्णय मानिकपुरी (NIRNAY MANIKPURI) तथा मेरी पत्नी (मेरे पुत्र की माता) का नाम शुलभा मानिकपुरी (SULBHA MANIKPURI) दर्ज है। किन्तु मेरे पुत्र के जन्म प्रमाण पत्र में उसका नाम हार्दिक मानिक (HARDIK MANIK) एवं मेरा नाम निर्णय मानिक (NIRNAY MANIK) तथा मेरी पत्नी (मेरे पुत्र की माता) का नाम शुलभा मानिक (SULBHA MANIK) दर्ज है। मेरा व मेरे पुत्र का वास्तिक सरनेम उपजाति मानिक है जो कि मेरे अंकसूचि आधार कार्ड, पेनकार्ड, बैंक के पासबुक में भी दर्ज है। भविष्य के समस्त शासकीय/अर्धशासकीय एवं शैक्षणिक प्रमाणपत्रों अन्य प्रमाण पत्रों एवं दस्तावेजों में मेरे पुत्र का नाम हार्दिक मानिक (HARDIK MANIK)एवं मेरा नाम निर्णय मानिक (NIRNAY MANIK) तथा मेरी पत्नी (मेरे पुत्र की माता) का नाम शुलभा मानिक (SULBHA MANIK) दर्ज करवाना चाहता हूं।

मुहर — शपथकर्ता, निर्णय मानिक

न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग, उतई सर्किल (छ.ग.)
ईश्तहार
रा.प्र.क्र. अ-6 2020-21

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक नमन कुमार जैन पिता अशोक कुमार जैन उम्र-18 वर्ष निवासी वार्ड नं.4 गया नगर दुर्ग तह. व जिला दुर्ग के द्वारा आवेदक एवं अन्य खातेदारों के शामिलात खाते में हकभूमिस्वामी जमीन वाके मौज खम्हरिया प.ह.नं. 40 स्थित भूमि खसरा नं. 743/1 रकबा 0.4000 हे. लगान 2.15 रू. वर्तमान राजस्व अभिलेखों में दर्ज है। आवेदक का वर्तमान राजस्व अभिलेख में नाबा. नमन कुमार जैन पिता अशोक कुमार जैन दर्ज है। आवेदक की जन्म तिथि 29/09/2003 एवं उम्र-18 वर्ष पूर्ण हो चुका है तथा वर्तमान में वह बालिग हो चुका है। राजस्व अभिलेख में नाबा. से बालिग दर्ज किए जाने आवेदन न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/ संस्था को कोई दावा आपत्ति हो वह पेशी दिनांक 30/12/2021 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नहीं किया जाएगा।

आज दिनांक दिनांक 13.12.2021 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा कि साथ जारी किया गया है।

मुहर — नायब तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग, उतई सर्किल (छ.ग.)
ईश्तहार
रा.प्र.क्र. अ-6 2020-21

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक प्रकाश कुमार नायक पिता चंदू लाल नायक निवासी जी पॉकेट 14/बी मरोदा सेक्टर भिलाई तह. व जिला दुर्ग के द्वारा आवेदक की पत्नी श्रीमती मोहनी नायक पति श्री प्रकाश कुमार नायक के हक एवं स्वामित्व की जमीन वाके मौजा धनोरा प.ह.नं. 39 स्थित भूमि खसरा नं. 601/73 रकबा 0.0146 हे. (1575 वर्गफीट) लगान 0.05 रू. जमीन भूमि स्वामी हक में स्थिति है। आवेदक की पत्नी श्रीमती मोहनी नायक पति श्री प्रकाश कुमार नायक का स्वर्गवास दिनांक 25/4/21 को हो चुका है। मृतक भूमिस्वामी श्रीमती मोहनी नायक पति श्री प्रकाश कुमार नायक के मृत्यु उपरांत राजस्व अभिलेख से नाम विलोपित कर उनके वारिसानों के द्वारा फौती नामांतरण आवेदन प्रस्तुत किया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/ संस्था को कोई दावा आपत्ति हो वह पेशी दिनांक 20/12/2021 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नहीं किया जाएगा।

आज दिनांक दिनांक 04.12.2021 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा कि साथ जारी किया गया है।

मुहर — नायब तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा-पत्र
रा.प्र.क्र- 202112103300012/अ-27/वर्ष 2020-21

एतद् द्वारा सर्वसाधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदकगण मनोज राजपूत पिता स्व. जवाहर सिंह राजपूत वगै. निवासी वार्ड नं. 16 शिवमंदिर के पास कर्मचारी नगर दुर्ग तह. व जिला दुर्ग के द्वारा मौजा ग्राम सिकोला प.ह.नं. 8 तह. व जिला दुर्ग में स्थित भूमि खसरा नं. 28/200 रकबा 0.1320 हे. राजस्व अभिलेख में आवेदकगण के संयुक्त नाम में दर्ज है। जिसे काबिज कास्त अनुसार बंटवारा कराना चाहते है। आवेदन प्रस्तुत किए है। आवेदन के साथ बी-1 की छायाप्रति प्रस्तुत किया है।

अतएव उपरोक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा/आपत्ति करना हो तो नियत पेशी दिनांक 23.12.2021 अथवा प्रकाशन तिथि से 15 दिवस तक स्वयं अथवा अपने द्वारा अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से कार्यालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 06.12.2021 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय मुहर के साथ जारी किया गया।

मुहर — अतिरिक्त तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा
रा.प्र.क्र- 202112101200006/ वर्ष 2020-21

एतद् द्वारा सर्वसाधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक रविन्दर सिंह पिता/पति स्व. धरम सिंह निवासी आदर्श नगर कसारीडीह मौजा कोनारी प.ह.नं. 60 रा.नि.मं. अण्डा तह. व जिला दुर्ग में स्थित भूमि खसरा नंबर 440/3 रकबा 1.4800 हे. दर्शन सिंह कबरवाल के नाम पर दर्ज है। भूमिस्वामी के द्वारा आवेदक के नाम वसीयत किया गया है भूमिस्वामी की मृत्यु दिनांक 03/11/2021 हो जाने के कारण आवेदक का नाम दर्ज करने आवेदन पेश किया गया है।

अतएव उपरोक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा/आपत्ति करना हो तो नियत पेशी दिनांक 20.12.2021 अथवा प्रकाशन तिथि से 15 दिवस तक स्वयं अथवा अपने द्वारा अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से कार्यालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 01.12.2021 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय मुहर के साथ जारी किया गया।

मुहर — नायब तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
ईश्तहार
रा.प्र.क्र.//अ-06/वर्ष 2020-21

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि आवेदक राम्हीन बाई ठाकुर आ. स्व. शिव सिंह साकिन बोड़ेगांव द्वारा ग्राम बोड़ेगांव प.ह.न. 14 रा.नि.मं. दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि स्वामी हक की भूमि खसरा नंबर 82 रकबा 0.4300 हे. जो उसके स्व. शिव सिंह के नाम पर दर्ज है की फौती दर्ज किए जाने के संबंध में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। जिस पर प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः उपरोक्त भूमि को आवेदक के नाम पर नामांतरण किए जाने पर जिस किसी भी व्यक्ति को आपत्ति या उजर दावा हो तो सुनवाई तिथि दिनांक 31.12.2021 तक या उसके पुर्व स्वयं या अपने मान्य अधिवक्तागण के साथ उपस्थित होकर अपना आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि के बाद में प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 15.12.2021 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायलयीन मुहर के साथ जारी किया गया।

मुहर — अतिरिक्त तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग -1 (छ.ग.)
उद्घोषणा
रा.प्र.क्र./अ-6/ वर्ष 2020-21

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक/आवेदिका भारती चंद्राकर आ. पति राम कुमार चंद्राकर साकिन हनोदा के द्वारा ग्राम हनोदा प.ह.न 39 रा.नि.मं. उतई तह. व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नं. 415 रकबा 0.1900 हे. भूमि राम कुमार/ ईश्वरी हनोदा से रजिस्टर्ड बैनामा दिनांक 15/11/2021 को क्रय किया गया है। उक्त आवेदित भूमि को क्रेता के नाम पर प्रमाणिकरण किए जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत दिनांक 24.12.2021 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 09.12.2021 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — नायब तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार दुर्ग-03 जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा
रा.प्र.क्र-/अ-06/ वर्ष 2020-21

एतद् द्वारा सर्वसाधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमती अल्का भावे पति स्व. सेवक भावे निवासी वार्ड मकान नं. 316 शंकर नगर वार्ड- नं - 10 तह. व जिला दुर्ग मौजा उरला प.ह.नं. 07 रा.नि.मं. सिकोला तह. व जिला दुर्ग में स्थित भूमि खसरा नंबर 442/44 का टु. रकबा 1500 वर्गफीट में से 600 वर्गफुट भूमि को विक्रेता पुष्पा बाई एवं अन्य 01 पति देवाकर अम्बादे से दिनांक 22/09/21 को क्रय कर रजिस्ट्री बैनामा निष्पादित किया है आवेदक द्वारा उक्त बैनामा के आधार पर नामांतरण करने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है।

अतएव उपरोक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा/आपत्ति करना हो तो नियत पेशी दिनांक 20.12.2021 अथवा प्रकाशन तिथि से 15 दिवस तक स्वयं अथवा अपने द्वारा अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से कार्यालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 02.12.2021 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय मुहर के साथ जारी किया गया।

मुहर — अतिरिक्त तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा
रा.प्र.क्र.//अ-06/वर्ष 2021-22

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक भानु प्रकाश पाठक पिता स्व. राजेन्द्र प्रसाद पाठक निवासी ग्राम इस्पात नगर रिसाली तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम रिसाली तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 1026 रकबा 0.02 हे. भूमि जो कि आवेदक/शामिलात सहखातेदार के नाम पर वर्तमान राजस्व अभिलेख में दर्ज है। आवेदित भूमि के खातेदार / वसीयतकर्ता राजेन्द्र प्रसाद पाठक के द्वारा आवेदक के पक्ष में दिनांक 17/10/20 को पंजीकृत वसीयतनामा निष्पादित किया गया है। वसीयतकर्ता की मृत्यु हो जाने पर पंजीकृत वसीयतनामा के अधार पर आवेदक का नाम राजस्व अभिलेख में दर्ज किए जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 30.12.2021 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 09.12.2021 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा
रा.प्र.क्र.//अ-06/वर्ष 2021-22

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक कुमुद ब्रम्हभट्ट पति स्व. टी.आर. ब्रम्हभट्ट निवासी ग्राम विद्युतनगर दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम पोटियाकला तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 89/177 रकबा 2440 वर्गफीट भूमि को विक्रेता रिता जलतारे पिता शिरीष जलतारे निवासी ग्राम इंदौर से रजिस्टर्ड बैनामा दिनांक 07.12.2021 को क्रय किया गया है। उक्त आवेदित भूमि को रजिस्टर्ड बैनामा के आधार पर क्रेता के पक्ष में प्रमाणीकरण किये जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 30.12.2021 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 15.12.2021 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा
रा.प्र.क्र.//अ-06/वर्ष 2021-22

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक प्रशांत कुमार पान पिता विरेन्द्र पान निवासी ग्राम वीआईपी नगर रिसाली तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम रिसाली तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 480/58 रकबा 2250 वर्गफीट भूमि को विक्रेता अमिताभ भट्टाचार्य पिता स्व. एम.सी भट्टाचार्य अन्य-2 निवासी ग्राम मैत्री नगर रिसाली से रजिस्टर्ड बैनामा दिनांक 07.12.2021 को क्रय किया गया है। उक्त आवेदित भूमि को रजिस्टर्ड बैनामा के आधार पर क्रेता के पक्ष में प्रमाणीकरण किये जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 27.12.2021 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 13.12.2021 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा
रा.प्र.क्र- 202112100700045//अ-06/वर्ष 2021-22

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक लेखचंद ढीमर पिता ललित ढीमर निवासी ग्राम शिवपारा दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम ..... तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 684/1, 685/1 का टुकड़ा रकबा 0.017 हे. भूमि को विक्रेता प्रफल्ल कुमार पिता बंसीलाल निवासी ग्राम कायस्तपारा दुर्ग से रजिस्टर्ड बैनामा दिनांक 28.09.2013 को क्रय किया गया है। उक्त आवेदित भूमि को रजिस्टर्ड बैनामा के आधार पर क्रेता के पक्ष में प्रमाणीकरण किये जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 22.12.2021 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 01.12.2021 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला - दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा-पत्र
रा.प्र.क्र. ई-कोर्ट — पक्षकार का नाम: सारिपल्ली कोटेश्वर राव — ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन नं. 202112100400176

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक सारिपल्ली कोटेश्वर राव आ. श्री सारिपल्ली जगन्नाथ राव निवासी श्याम नगर वार्ड- नं. 22 कैम्प-2 भिलाई तहसील व जिला दुर्ग द्वारा नीचे अनुसूची में दर्शित भूमि को उसके सम्मुख दर्शित प्रयोजन के लिए व्यपवर्तन/पुर्ननिर्धारण हेतु आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 172 सहपठित धारा 59 (2)(5) तहत् आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया हैं, जिसके संबंध में इस न्यायालय में प्रकरण विचाराधीन हैं।

अनुसूची

ग्राम/प.ह.नं.जहां भूमि स्थित है	खसरा नंबर	रकबा	प्रयोजन
ग्राम कुरूद प.ह.न. 19अ/50 तह. व जिला दुर्ग	1354/6	0.009 हें 1000 वर्गफीट	व्यवसायिक

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार की कोई दावा/ आपत्ति हो तो प्रकरण उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/ आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 09.12.2021 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी, दुर्ग, जिला दुर्ग

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला - दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा-पत्र
रा.प्र.क्र. ई-कोर्ट — पक्षकार का नाम: श्रीमती सविता सिंह पिता घनश्याम सिंह — ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन नं. - 202112100400177

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदिका श्रीमती सविता सिंह पिता घनश्याम सिंह निवासी ब्लाक नं. 3 सड़क नं.3 सेक्टर-5 भिलाई तहसील व जिला दुर्ग द्वारा नीचे अनुसूची में दर्शित भूमि को उसके सम्मुख दर्शित प्रयोजन के लिए व्यपवर्तन/पुर्ननिर्धारण हेतु आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 172 सहपठित धारा 59 (2)(5) तहत् आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया हैं, जिसके संबंध में इस न्यायालय में प्रकरण विचाराधीन हैं।

अनुसूची

ग्राम/प.ह.नं.जहां भूमि स्थित है	खसरा नंबर	रकबा	प्रयोजन
ग्राम रिसाली प.ह.न. 22 तह. व जिला दुर्ग	645/46	0.018 हें 2008 वर्गफीट	व्यवसायिक

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार की कोई दावा/ आपत्ति हो तो प्रकरण उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/ आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 09.12.2021 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी, दुर्ग, जिला दुर्ग

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा
पंजी. नं. 202112100400186

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक अमिताभ पाटिल आ. स्व. कृष्ण कुमार पाटिल निवासी सेक्टर-7 भिलाई नगर द्वारा अपने स्वामित्व की भूमि ग्राम ... प.ह.न. 16/24 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 1370/34 रकबा 0.011 हें/ 1218 वर्गफीट के आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 59 (2) के तहत् पुर्ननिर्धारण बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा -आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 10.12.2021 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी, दुर्ग जिला, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा
पंजी. नं. 202112100400145

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदिका विद्या साहू पति तोमस कुमार साहू निवासी बोरसी दुर्ग द्वारा अपने स्वामित्व की भूमि ग्राम बोरसी प.ह.न. 19/23 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 278/22 रकबा 0.0100 हें/ 1120 वर्गफीट के आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 59 (2) के तहत् पुर्ननिर्धारण बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा -आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 09.12.2021 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी, दुर्ग जिला, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा
पंजी. नं. 202112100400218

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदिका प्रतिभा यादव पति शशांक यादव निवासी गंडई राजनांदगांव द्वारा अपने स्वामित्व की भूमि ग्राम धनोरा प.ह.न. 39 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 600/64 रकबा 0.011 हें/ 1200 वर्गफीट के आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 59 (2) के तहत् पुर्ननिर्धारण बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा -आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 13.12.2021 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी, दुर्ग जिला, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा
पंजी. नं. 202112100400160

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक हृदय लाल यादव आ. धन्ना यादव निवासी रूआबांधा भिलाई द्वारा अपने स्वामित्व की भूमि ग्राम धनोरा प.ह.न. 39 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 565/154 रकबा 0.014 हें/ 1505.62 वर्गफीट के आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 59 (2) के तहत् पुर्ननिर्धारण बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा -आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 09.12.2021 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी, दुर्ग जिला, दुर्ग (छ.ग.)

सीएम भूपेश बघेल का महंगाई पर तंज, कहा- मोदी है तो मुमकिन है....

रायपुर/नवप्रदेश। देश और प्रदेश में बढ़ते महंगाई से लोग परेशान है। वहीं महंगाई पर राजनीति भी बरकरार है। केंद्र सरकार और राज्य सरकार एक दूसरे पर ठीकरा फोड़ रहे हैं। केंद्र सरकार ने नवंबर महीने के महंगाई के आंकड़े जारी किये जिसमे थोक महंगाई 14.23 फीसद पहुंच गई है। इस आंकड़े पर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने केंद्र सरकार पर तंज कसा है। उन्होंने ट्वीट करते हुए लिखा कि जो तीस साल में नहीं हुआ वह केंद्र की भाजपा सरकार ने करके दिखा दिया। जनता सब देख समझ रही है। मोदी है तो मुमकिन है। सीएम भूपेश ने कहा कि सर्वाधिक महंगाई और बेरोजगारी दोनों ही बढे हैं। केंद्र सरकार की गलत नीति नोटबंदी, जीएसटी और लॉकडाउन के फि राक में आज देशवासी यह खामियाजा भुगत रहे हैं। दरअसल, केंद्र सरकार ने नवंबर महीने के महंगाई के आंकड़े को जारी किया है जिसमें थोक महंगाई 14.23 प्रतिशत है। माना जा रहा है कि यह साल का सबसे ऊंचा स्तर है। सब्जियों कि महंगाई दर 13 महीने के उच्चतम स्तर 4.9 फीसदी पहुंच चुकी है जो कि अक्टूबर में सिर्फ1.7 फीसदी थी।

वर्ष 1991 में महंगाई का यही स्तर था। केंद्र सरकार द्वारा जारी महंगाई के आंकड़े पर नजर डालें तो महंगाई अनुमान से ज्यादा बढ़ी हुई नजर आ रही है। पिछले महीने खुदरा महंगाई दर 5 फीसदी से कम रही, जबकि थोक महंगाई 14 प्रतिशत पार हो गई है। आंकड़े से ऐसा लग रहा है कि आने वाले समय में खुदरा महंगाई के आंकड़े और अधिक चौंकाने वाले हो सकते हैं। गौरतलब है कि महंगाई बढ़ने के अंतरराष्ट्रीय कारणों का असर भारत पर ही नहीं बल्कि विश्व के कई देशों में इसका खासा असर देखा जा रहा है। महंगाई बढ़ने की सबसे बड़ी वजह कच्चे तेल और नेचुरल गैस की कीमतों में तेजी आना बताया जा रहा है। कच्चा तेल नवंबर 2020 के मुकाबले 39.81 फीसदी महंगा हो गया है। विशेषज्ञों की मानें तो आने वाले दिनों में खाद्य सामग्री और महंगी हो सकती है।

भाजपा विधायकों ने खाद्य मंत्री का किया बहिष्कार, विभाग से जुड़े सवाल पूछने से किया इंकार

रायपुर/नवप्रदेश। विधानसभा के शीतकालीन सत्र के तीसरे दिन पूर्व मुख्यमंत्री डॉक्टर रमन सिंह पर विवादित टिप्पणी से नाराज बीजेपी सदस्यों ने मंत्री अमरजीत भगत के विभाग से जुड़े सवालों का बायकाट कर दिया। बीजेपी विधायक अजय चंद्राकर ने कहा कि हम आज मंत्री से किसी तरह का सवाल नहीं पूछेंगे। चंद्राकर के अलावा नेता प्रतिपक्ष धरमलाल कौशिक ने खाद्य मंत्री अमरजीत भगत से सवाल पूछने से इंकार कर दिया। बीजेपी सदस्यों के बायकाट पर स्पीकर डॉक्टर चरणदास महंत ने कहा- मंत्री की टिप्पणी विलोपित की गई है। मंत्री ने खेद भी जताया है। संसदीय परंपराओं के लिहाज़ से सदन में मौजूद रहकर सवाल नहीं पूछा जाना उचित नहीं होगा। इससे पहले आसंदी ने बीजेपी सदस्यों का निलंबन रद्द किया और बीजेपी सदस्य सदन में लौट आए। आपको बता दें धान उठाव के मामले में डॉ रमन सिंह सवाल कर रहे थे। जिस पर खाद्य मंत्री ने उन पर विवादित टिप्पणी कर दी। जिससे नाराज बीजेपी सदस्यों ने अपनी गहरी आपत्ति जताई और मंत्री से माफी मांगने की मांग करते हुए गर्भगृह में जा पहुंचे थे। बीजेपी सदस्यों के गर्भगृह में पहुंचने पर आसंदी ने बीजेपी सदस्यों को निलंबित कर दिया था।

विधानसभा में रेणु जोगी ने उठाया चिटफंड कंपनियों का मामला, भाजपा ने दिया साथ, गृह मंत्री ने दिया जवाब

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ विधानसभा के शीतकालीन सत्र के तीसरे दिन बुधवार को सदन में चिटफंड को लेकर जमकर हंगामा हुआ। प्रश्नकाल में जनता कांग्रेस की विधायक डॉ. रेणु जोगी ने चिटफंड कंपनियों का मुद्दा उठाया। डॉ. जोगी ने पूछा कि प्रदेश में कितनी कंपनियां संचालित थी। सहारा इंडिया के कितने निवेशकों को पैसा दिलाया।कांग्रेस ने किस आधार पर घोषणा पत्र में डूबे पैसे दिलाने का वादा किया।

जवाब में गृह मंत्री ताम्रध्वज साहू ने कहा कि चिटफंड में डूबी हुई रकम लौटाई जा रही है। प्रदेश में कोई भी चिटफंड कंपनी अधिकृत रूप से पंजीकृत अथवा संचालित नहीं है। विधायक डॉ. जोगी ने सहारा इंडिया में निवेशकों द्वारा जमा की गई राशि का विवरण मांगा।

रेणु जोगी ने गृह मंत्री से सवाल किया कि वर्ष 2018 से छत्तीसगढ़ प्रदेश में निवेशक के रूप में कितनी चिटफंड कंपनियां संचालित थी? कंपनियों के नाम सहित जानकारी देवें? सहारा इंडिया की विभिन्न शाखाओं में निवेशकों द्वारा जमा कराई गई राशि के भुगतान के लिये 17-11-2021 तक क्या-क्या कार्रवाई हुई है? प्रदेश के कितने निवेशकों द्वारा उक्त कंपनी में कितनी राशि का निवेश किया गया है?

गृह मंत्री ताम्रध्वज साहू ने जवाब देते हुए कहा कि वित्त विभाग की जानकारी अनुसार प्रदेश में चिटफंड अधिनियम, 1982 प्रभावशील है। इस अधिनियम के प्रावधानों के अंतर्गत प्रदेश में कोई भी चिटफंड कंपनी अधिकृत रूप से पंजीकृत अथवा संचालित नहीं है। उन्होंने कहा कि सहारा इंडिया पर राज्य शासन का नियंत्रण नहीं है। जिस कारण निवेशकों के द्वारा जमा राशि एवं भुगतान की जानकारी दी जाना संभव नहीं है। जो मामले संज्ञान में आए हैं, आ रहे हैं, उन पर समुचित कार्यवाही की जा रही है। सहारा इंडिया कंपनी में निवेशित राशि की जानकारी राज्य शासन को उपलब्ध नहीं है।

नेता प्रतिपक्ष धरमलाल कौशिक ने कहा कि राजनांदगांव में जमीन की नीलामी कर निवेशकों को रकम दिलाई जा सकती है तो रायपुर में 500 एकड़ जमीन नीलाम कर सरकार पैसा वापस क्यों नहीं कर रही है। कार्यवाही नियत है तो समय सीमा बताएं। भाजपा विधायक अजय चंद्राकर ने कहा कि घोषणा पत्र में चिटफंड का पैसा वापसी का वादा किया गया था। सत्ता पक्ष ने घोषणा पत्र में झूठा वादा किया था। सत्ता पक्ष सदन में माफी मांगे।

मुख्यमंत्री बघेल ने 'छै कोरी, छै आगर तरिया अऊ बूढ़ा नरवा' पुस्तक का किया विमोचन

रायपुर। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने विधानसभा स्थित अपने कार्यालय कक्ष में गोविन्द पटेल के द्वारा लिखित किताब छै कोरी, छै आगर तरिया अऊ बूढ़ा नरवा का विमोचन किया। इस अवसर पर नगरीय प्रशासन मंत्री डॉ. शिव कुमार डहरिया, खाद्य मंत्री अमरजीत भगत, छत्तीसगढ़ राज्य गृह निर्माण मण्डल के अध्यक्ष कुलदीप जुनेजा और संसदीय सचिव चिंतामणि महाराज, मुख्यमंत्री के सलाहकार प्रदीप शर्मा भी उपस्थित थे ।

श्री पटेल ने मुख्यमंत्री बघेल को बताया कि इसमें दुर्ग जिले के धमधा विकासखण्ड में गोंड राजाओं के शासनकाल में खुदवाए गए 126 तालाबों की जानकारी प्रकाशित की गई है । जिसमें उन तालाबों के नाम, निर्माण वर्ष, खसरा नंबर, क्षेत्रफल व जलभराव का उल्लेख किया गया है। इस किताब के जरिए प्राचीन काल से चली आ रही जल संरक्षण की परंपरा को पुनर्जीवित करने का प्रयास किया गया है।

ठेकेदार दिनदहाड़े कर रहा रेत की चोरी, निगम को लगाया जा रहा लाखों का चूना

राजनांदगांव/नवप्रदेश। चौपाटी और दिग्विजय कॉलेज मार्ग पर रोड का काम चालू है और रोड के मलबे को ट्रैक्टर के माध्यम से संबन्धित ठेकेदार द्वारा चोरी किया जा रहा। नवप्रदेश की टीम जब वहां पहुंची तो उन्होंने पूछा की ये मलबा कहा जा रहा है लेकिन उन्होंने गोल मोल जवाब दिया। संबंधित ठेकेदार द्वारा कहा गया की यह मलबा विश्राम भवन में जा रहा है किंतु टीम जब नगर निगम विश्राम भवन पहुंची तो वहां उन्होंने 1 घंटे तक इंतजार किया किंतु वहां कोई नहीं पहुंचा। ठेकेदारों की इस मनमानी और प्रशासन की सांठगांठ से नगर निगम को लाखों का चूना लगाया जा रहा है। शहर के केन्द्र में ही जब इस प्रकार की चोरी हो रही हैं और अधिकारी मौन हैं तो हम ग्रामीण और दूरस्थ इलाकों की क्या बात करें। ठेकेदारों और अधिकारियों की सांठगांठ का ये जबरदस्त नमूना देखने को मिलता है कि किस तरह ठेकेदारों और अधिकारियों की जुगलबंधी से दिनदहाड़े चोरी हो रही है। जब चोरी दिन में हो तो रात की क्या बात करना।

फरार आरोपियों की सूचना देने वाले को किया जाएगा पुरस्कृत

बिलासपुर/नवप्रदेश। पुलिस अधीक्षक बिलासपुर द्वारा घोषणा की गई है कि थाना सिविल लाईन बिलासपुर में दर्ज अपराध के प्रकरण में फरार आरोपी राघव सिंह ठाकुर, पिता केदार सिंह ठाकुर, उम्र 34 वर्ष निवासी 27 खोली, विकास नगर बिलासपुर थाना सिविल लाईन बिलासपुर की सूचना देने वाले को 5 हजार रुपए के पुरस्कार से पुरस्कृत किया जायेगा। सूचना देने वाले का नाम गोपनीय रखा जायेगा तथा पुरस्कार वितरण के संबंध में पुलिस अधीक्षक बिलासपुर का निर्णय अंतिम होगा। इस संबंध में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, बिलासपुर 07752-223330, मो.नं. 9479193001, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, शहर बिलासपुर 07752-222191, मो.नं. 94791-93002, नगर पुलिस अधीक्षक, सिविल लाईन मो.नं. 94791-93006, पुलिस नियंत्रण कक्ष, बिलासपुर 07752-228504, मो.नं. 94791-93099, थाना प्रभारी सिविल लाईन बिलासपुर, मो.नं. 94791-93019 पर संपर्क किया जा सकता है।

रेलवे क्लर्क गिरफ्तार, म्यूचुअल ट्रांसफर कराने ट्रैक मैन से मांगे थे 5 हजार रूपए

बिलासपुर/नवप्रदेश। विजिलेंस की टीम ने रेलवे के बाबू को घूस लेते गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी क्लर्क म्यूचुअल ट्रांसफर कराने के नाम पर ट्रैक मैन से 5 हजार रूपए की मांग की थी। क्लर्क पैसे लेने के बाद भी प्रार्थी को एक साल से घूमा रहा था। जिससे परेशान होकर पीड़ित ने इसकी शिकायत रेलवे के विजिलेंस कार्यालय में कर दी। जानकारी के अनुसार रेलवे के अनुपपुर सेक्शन के अमलाई डीसीएस 3 में ट्रैकमैन मिथिलेश परते (28 वर्ष) ने दिसंबर 2020 को म्यूचुअल ट्रांसफर कराने अपना आवेदन जमा किया था। उसका आवेदन सीनियर डीपीओ ऑफि स में क्लर्क के पद कार्यरत जय प्रसाद सोनी के पास पहुंचा। आरोप है कि उसने मिथिलेश से 5 हजार रुपए की मांग की थी। मार्च 2021 में मिथिलेश ने उसे 500 रुपए एडवांस दिया। इसके बाद 6 दिसंबर 2021 को 1500 रुपए दिए। इस दौरान जय प्रसाद सोनी जल्द काम करने का भरोसा दिलाता रहा। मिथलेश जब भी ऑफिस आता तो क्लर्क सोनी उससे चाय-नाश्ता के नाम से रुपए मांगता। 2 हजार से ज्यादा रुपए देने के बाद भी वह 3 हजार रुपए और मांग रहा था। बार-बार रुपए मांगने से परेशान होकर मिथिलेश ने रेलवे के विजिलेंस ऑफिस में शिकायत कर दी। उसकी शिकायत का परीक्षण कराने के बाद टीम ने मिथिलेश को मंगलवार को बुलाया और क्लर्क जेपी सोनी से मोबाइल पर बात कराई। इसके बाद मिथलेश को क्लर्क ने रुपए देने के लिए तितली चौक पर बुलाया। वहां पहुंचा तो क्लर्क ने उसे बुधवारी बाजार बुलाया, फि र वहां से पोस्ट ऑफि स के पास आने के लिए कहा। क्लर्क ने उसे पैदल बुलाया था। फि र वह स्कूटी में पहुंचा और उसे अपने साथ बैठाकर ले गया। इस दौरान विजिलेंस टीम मिथिलेश के पीछे लगी थी। जैसे ही क्लर्क उससे रुपए लिए टीम पहुंच गई और उसे रंगे हाथों पकड़ लिया।

चरस डिलीवरी बॉय राजधानी में गिरफ्तार, 70 हज़ार का माल बरामद

रायपुर/नवप्रदेश। सिविल लाईन पुलिस ने चरस बेचने वाले एक युवक को गिरफ़्तार किया है। आरोपी के पास से 70 हज़ार रुपए का रुपए का चरस बरामद किया गया है। फ़िलहाल पुलिस युवक के पास चरस कैसे पहुंचा और किसे डिलीवरी देने ये पहुंचा था इन बिंदुओं पर जाँच पड़ताल कर रही है।सिविल लाईन थाना पुलिस को इनपुट मिला था कि, ऑक्सीज़ोन गार्डन पास एक व्यक्ति अपने पास चरस रखा है, जिसकी बिक्री करने की फ़िराक में ग्राहक तलाश रहा है।

मुखबिर के इस इनपुट में काम करते हुए सिविल लाइन पुलिस टीम ने मौके पर पहुंच कर, बताए गए हुलिया के मुताबिक युवक की पहचान की। युवक को हिरासत में लेकर पुलिस ने जब पूछ्ताछ की तब उसने अपना नाम मोहम्मद सादिक तिगाला बताया। सादिक ने खुद को संतोषी नगर टिकरापारा रायपुर का रहने वाला बताया है।पूछताछ के दौरान ही जब उसकी तलाशी ली गई तो उसके पैंट की जेब से मादक पदार्थ चरस बरामद किया गया। सादिक के कब्जे से बरामद 67.17 ग्राम चरस की कीमती पुलिस ने तक़रीबन 70 हजार रूपए आंकी है। सादिक को गिरफ्तार कर थाना सिविल लाईन में धारा 21(बी) नारकोटिक्स एक्ट के तहत कार्यवाही की गई है।

शीघ्र हटेगा बूढ़ापारा का धरना स्थल

रायपुर सराफा एसोसिएशन को मिला कलेक्टर-एसएसपी का आश्वासन

रायपुर/नवप्रदेश। आए दिन राजधानी के बूढ़ा तालाब धरना स्थल में जाम की स्थिति निर्मित होने से सराफा बाजार में वाहनों का रेला लग जाता है, इससे दुकानदार तो परेशान होते ही है साथ ही आम नागरिकों को भी काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। ये सिलसिला कई सालों से बदस्तूर जारी है।

बूढ़ापारा धरना स्थल को स्थानांतरित करने की मांग को लेकर मंगलवार को रायपुर सराफा एसोसिएशन के अध्यक्ष हरख मालू के नेतृत्व एक प्रतिनिधिमंडल ने कलेक्टर सौरभ कुमार व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रशांत अग्रवाल से मिलकर ज्ञापन सौंपा। प्रतिनिधिमंडल में अध्यक्ष मालू के अलावा उपाध्यक्ष लक्ष्मीनारायण लाहोटी, प्रहलाद सोनी, सह सचिव अनिल कुचेरिया, कार्यकारिणी सदस्य देवेंद्र सोनी, प्रमित नियोगी व पवन सोनी उपस्थित थे।

एसोसिएशन के अध्यक्ष मालू ने कलेक्टर व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को बताया कि बुढ़ातालाब धरना स्थल में आए दिन किसी भी मांग को लेकर धरना-प्रदर्शन व रैली निकालने से जाम की स्थिति निर्मित हो जाती है और इससे व्यावसायिक गतिविधियां लगातार प्रभावित हो रही है। इसके साथ ही यहां रहने वाले आम नागरिकों को भी काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। जब प्रदर्शनकारी उग्र हो जाते है तो पुलिस प्रशासन के द्वारा सप्रे स्कूल के सामने बेरीकेड्स कर दीवाल खड़ाकर रास्ते को बंद कर दिया जाता है जिसके कारण यातायात अस्त-व्यस्त हो जाता है।

अधिकांश नागरिक गणेश मंदिर के पास से सदर बाजार में प्रवेश करते है और यहीं से सदर बाजार तथा सराफा बाजार में जाम की स्थिति निर्मित हो जाती है और सदर बाजार के सराफा कारोबारियों के साथ ही आम नागरिकों भी परेशान होते रहते है। इस कारण व्यापार भी बुरी तरह से प्रभावित हो जाता है और आर्थिक नुकसान का सामना व्यापारियों को करना पड़ता है।

इस जाम का उठाईगिरी तो फायदा उठाते ही है साथ ही सराफा कारोबारियों के साथ ही अन्य व्यावसायिक प्रतिष्ठानों के लोग डरे रहते है कि कहीं उनके यहां भी उठाईगिरी न हो जाए। पूर्व में इसे अस्थायी धरना स्थल घोषित किया गया था लेकिन वर्तमान में इसे स्थायी धरना स्थल घोषित कर दिया गया है।

कलेक्टर व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक से मांग की गई है कि धरना स्थल को दूसरी जगह स्थानांतरित किया जाए ताकि आम नागरिकों के साथ व्यापारी सुरक्षित होकर अपना व्यावसाय कर सकें। प्रतिनिधिमंडल की बात सुनने के बाद कलेक्टर व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने शीघ्र ही धरना स्थल को स्थानांतरित करने आश्वासन दिया है।

ओवर डायमेंशनल वाहनों के लिए निर्धारित शुल्क अब ऑनलाइन, वाहन मालिकों को मिली नई सुविधा

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ परिवहन विभाग ने वाहन पोर्टल पर वाहन मालिकों के लिए एक नई सुविधा की शुरुआत की है। इसके तहत अब वाहन मालिक, ओवर डाइमेन्शन गाडियों के लिए निर्धारित शुल्क का भुगतान के लिए ऑनलाइन अनुमति प्राप्त कर सकेंगे। अधिकारियों ने बताया, वाहन स्वामी को अगर ऐसा लगता है को गाड़ी निर्धारित माप दंड से अधिक ऊंचाई या चौड़ाई का है तो वाहन मालिक घर बैठे ही ऑनलाइन शुल्क अदा कर इस के लिए अनुमति प्राप्त कर सकेंगे।

ओवर डाइमेन्शन गाडियों के राज्य में प्रवेश के लिए 20 हजार का शुल्क निर्धारित किया गया है।

वाहन पोर्टल में जा कर वाहन स्वामी के द्वारा निर्धारित शुल्क का भुगतान करते ही उन्हें ऑनलाइन अनुमति स्वतः ही दे दी जाएगी। ऑनलाइन प्राप्त अनुमति पत्र को दिखाने के पश्चात गाड़ी को राज्य के बॉर्डर चेक पोस्ट और फ्लाइंग स्क्वायड के द्वारा तुरंत ही सुविधा जनक तरीके से प्राथमिकता में परिवहन करने दिया जाएगा।

औद्योगिक और खनन क्षेत्र में लगा रहता है आनाजाना आम

छत्तीसगढ़ के औद्योगिक और खनन क्षेत्रों में भारी मशीनरी का आना-जाना लगा रहता है। भारी मशीनरी आदि को लोड करने के बाद ट्रकों की स्थिति उनके लिए जारी डाइमेन्शन अनुमति की सीमाओं के पार चली जाती है। ऐसे में इनको चेकपोस्ट और उडन दस्तों की ओर से दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। पिछले दिनों मुख्यमंत्री भूपेश बघेल परिवहन विभाग की सेवाओं को सुविधाजनक बनाने का निर्देश दिया था। उसके बाद से ही परिवहन मंत्री मोहम्मद अकबर और विभाग के अधिकारी ऑनलाइन सुविधाएं बढ़ा रही है।

ऐसे करना होगा आवेदन

इसके लिए www.parivahan.gov.in पर जाना होगा। इसके ऑनलाइन सर्विस में जा कर चेक पोस्ट टैक्स/फीस का चुनाव कर आगे बढ़ें। चुनाव के बाद आवेदक से विजिटिंग राज्य का नाम तथा सर्विस पूछा जायेगा। आगे बढने पर छत्तीसगढ़ के लिए एडवांस पेमेंट ऑफ ओडीसी फीस का पेज दिखेगा। जिस पर गाड़ी नंबर डाल कर, गाड़ी का बॉडी टाइप व ओवर डाइमेन्शन टाइप सिलेक्ट कर आवेदक दिये गए फीस का भुगतान कर सकते हैं।

संपादकीय

काशी के कायाकल्प से विपक्ष आहत क्यों?

भारत का सबसे प्राचीन नगर काशी जहां बाबा विश्वनाथ धाम हिन्दुओं की आस्था का प्रमुख केन्द्र है उसके कायाकल्प से विपक्ष का आहत होना वाकई समझ से परे है। वाराणसी से सांसद बनने के बाद और फिर प्रधानमंत्री के रूप में देश की बागडोर संभालने के बाद पीएम मोदी ने काशी के कायाकल्प का जो वादा किया था उसे मूर्तरूप देकर उन्होने अपना वादा पूरा किया है। काशी कारीडोर बनवाकर और बाबा विश्वनाथ के मंदिर परिसर को नया रूप देकर उन्होने जो काम किया है उसका सभी शिवभक्त स्वागत कर रहे है और काशीवासी भी इससे प्रसन्न है किन्तु कुछ विपक्षी नेताओं को इसमें राजनीति दिख रही है और वे काशी के कायाकल्प को राजनीतिक चश्मे से देखकर आपत्तिजनक बयानबाजी कर रहे है। काशी में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के तीन दिनों तक रूकने पर कटाक्ष करते हुए उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री और समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि प्रधानमंत्री तीन दिन नही एक माह, दो माह और तीन माह तक रूकें अंत समय में आदमी काशी में ही रूकता है। निश्चित रूप से अखिलेश यादव का यह बयान उनके दिगामी दिवालिएपन को दर्शाता है। अब कांग्रेस के एक नेता उमंग शिघार ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की शिवभक्ति पर यह कहकर तंज कसा है कि शंकर की पूजा राक्षस ही करते है। इस तरह का बयान देने वाले कांग्रेस नेता को यह नहीं भूलना चाहिए कि कुछ समय पूर्व उनकी ही पार्टी के नेता राहुल गांधी ने खुद को शिवभक्त बताया था। दरअसल भाजपा और मोदी के विरोध के नाम पर विपक्षी दलों के कुछ नेता अपना आपा खोकर हिन्दुओं की आस्था पर भी चोट कर रहे है और ऐसा कर के वे एक संप्रदाय विशेष का वोट हथियाना चाहते है। हिन्दु बहुत सहिष्णु होते है इसलिए उनकी धार्मिक भावनाओं को ये बयानवीर नेता जब तब आहत करते रहते है। बेहतर होगा कि आस्था के साथ ये खिलवाड़ न करें और धर्म में राजनीति का ढालमेल न करें यदि प्रधानमंत्री पूजा अर्चना करते है तो इन्हे किसने रोक रखा है। हर किसी को अपनी आस्था के अनुरूप आचरण का अधिकार है इसपर किसी को कोई आपत्ति नहीं होनी चाहिए। इस तरह के विवादास्पद बयानबाजी से ये लोग अपनी ही पार्टी को कमजोर करेंगे। लंबे समय से शहर के विस्तार और कल कारखाने के लिए तरसते वाराणसी में रिंग रोड किनारे नया शहर बसाने और इंडस्ट्रियल कॉरिडोर विकसित करने पर भी पीएमओ ने सहमति दे दी है। आउटर रिंग रोड फेज-वन के किनारे नई काशी और फेज-टू में कॉरिडोर बनेगा। प्लान में दोनों प्रॉजेक्ट के लिए 400-400 एकड़ जमीन का प्रावधान किया गया है।

विचार

अमीरी और गरीबी की खाई

डॉ. वेदप्रताप वैदिक

अब से लगभग 60 साल पहले जब मैं प्रसिद्ध फ्रांसीसी विचारक पियरे जोजफप्रोधों को पढ़ रहा था तो उनके एक वाक्य ने मुझे चौंका दिया था। वह वाक्य था- 'सारी संपत्ति चोरी का माल होती है।' दूसरे शब्दों में सभी धनवान चोर-डकैत हैं। यह कैसे हो सकता है, ऐसा मैं सोचता था लेकिन अब जबकि दुनिया में मैं गरीबी और अमीर की खाई देखता हूं तो मुझे लगता है कि उस फ्रांसीसी अराजकतावादी विचारक की बात में कुछ न कुछ सच्चाई जरुर है। कार्ल मार्क्स के 'दास केपिटल' और विशेष तौर से 'कम्युनिस्ट मेनिफेस्टो' को पढ़ते हुए मैंने आखिर में यह वाक्य भी देखा कि ''मजदूरों के पास खोने के लिए कुछ नहीं है, सिर्फउनकी जंजीरों के अलावा।'' अब इन दोनों वाक्यों का पूरा अर्थ समझ में तब आने लगता है, जब हम दुनिया के अमीर और गरीब देशों और लोगों के बारे में गंभीरता से सोचने लगते हैं। अमीर, अमीर क्यों हैं और गरीब, गरीब क्यों है, इस प्रश्न का जवाब हम ढूंढने चलें तो मालूम पड़ेगा कि अमीर, अमीर इसलिए नहीं है कि वह बहुत तीव्र बुद्धि का है या वह अत्यधिक परिश्रमी है या उस पर भाग्य का छींका टूट पड़ा है। उसकी अमीरी का रहस्य उस चालाकी में छिपा होता है, जिसके दम पर मुट्ठीभर लोग उत्पादन के साधनों पर कब्जा कर लेते हैं और मेहनतकश लोगों को इतनी मजदूरी दे देते हैं ताकि वे किसी तरह जिंदा रह सकें। यों तो हर व्यक्ति इस संसार में खाली हाथ आता है लेकिन क्या वजह है कि एक व्यक्ति का हाथ हीरे-मोतियों से भरा रहता है और दूसरे के हाथ ईंट-पत्थर ही धोते रहते हैं ? हमारी समाज-व्यवस्था और कानून वगैरह इस तरह बने रहते हैं कि वे इस गैर-बराबरी को कोई अनैतिक या अनुचित भी नहीं मानता। इस समय दुनिया में जितनी भी कुल संपत्ति है, उसका सिर्फ2 प्रतिशत हिस्सा 50 प्रतिशत लोगों के पास है जबकि 10 प्रतिशत अमीरों के पास 76 प्रतिशत हिस्सा है। यदि दुनिया की कुल आय सब लोगों को बराबर-बराबर बांट दी जाए तो हर आदमी लखपति बन जाएगा। उसके पास 62 लाख 46 हजार रुपए की संपत्ति होगी। हर आदमी को लगभग सवा लाख रु. महिने की आय हो जाएगी लेकिन असलियत क्या है? भारत में 50 प्रतिशत लोग ऐसे हैं, जिनकी आय सिर्फसाढ़े चार हजार रु. महिना है याने डेढ़ सौ रु. रोज। करोड़ों लोग ऐसे हैं, जिनकी आय 100 रु. रोज भी नहीं है। उन्हें रोटी, कपड़ा और मकान भी ठीक से उपलब्ध नहीं हैं। शिक्षा, चिकित्सा और मनोरंजन तो दूर की बात है। इन्हीं लोगों की मेहनत के दम पर अनाज पैदा होता है, कारखाने चलते हैं और मध्यम व उच्च वर्ग के लोग ठाठ करते हैं। अमीरी और गरीबी की यह खाई बहुत गहरी है। यदि दोनों की आमदनी और खर्च का अनुपात एक और दस का हो जाए तो खुशहाली चारों तरफफैल सकती है।

एकता के सूत्रधार की साहसपूर्ण धरोहर : सरदार पटेल को श्रद्धांजलि

अर्जुन राम मेघवाल
केन्द्रीय संस्कृति एवं संसदीय कार्य राज्य मंत्री

सरदार पटेल ने नवम्बर 1947 में आक्रांताओं द्वारा गिराए गए सोमनाथ मंदिर का पुनर्निर्माण करके भारतीयों की साझा विरासत और परंपराओं को सांस्कृतिक आधार पर जोड़ने का निर्णय लिया जिससे भारत के पुनर्जागरण की गाथा और विध्वंस के बाद निर्माण की विजय परिलक्षित होती है। सरदार पटेल के आदर्शों का अनुसरण करने के लिए भारत सरकार प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के दूरदर्शी नेतृत्व के अंतर्गत इस लक्ष्य को अंगीकार करने के लिए कई कदम उठा रही है। भारत के लौह आवरण से संबंधित मंतव्य उस समय और सुदृढ़ हो जाएगा जब मिशन कर्मयोगी के माध्यम से भविष्य के लिए तैयार हो रहे सिविल सर्वेंट क्रियाशील हो जाएंगे। इस क्षमता निर्माण कार्यक्रम का उद्देश्य यह है कि प्रौद्योगिकी से जुड़े विश्व में आधुनिक समस्याओं का सामना करने के साथ-साथ नागरिकों को सहज जीवन शैली प्रदान की जाए तथा श्रेष्ठ सुशासन व्यवस्था प्रदान की जाए ताकि देश की सिविल सेवाएं विश्व की श्रेष्ठ सिविल सेवाओं में शुमार हो सकें। मोदी सरकार द्वारा अनुच्छेद 370 और जम्मू और कश्मीर के विशेष दर्जे को समाप्त करके एक बड़ी ऐतिहासिक गलती को सुधारा गया है।

हमारा देश कोविड महामारी के उतार-चढ़ाव का सामना करते हुए अत्यंत कठिन दौर से गुजरने के पश्चात फिर से अपनी पूरी ऊर्जा के साथ विकास और समृद्धि के पथ पर आगे बढ़ रहा है, और यह प्रक्रिया आजादी के अमृत महोत्सव के दौरान भी जारी है। इस समय हम स्वतंत्रता के 75वें वर्ष का उत्सव मना रहे हैं जिसके चलते पूर्वजों द्वारा संकल्पित दृष्टिकोण के साथ तालमेल बिठाते हुए आत्ममंथन करने, देश के प्रति निष्ठावान होने और जीवन समर्पित करने के संदेश का प्रसार किया जा रहा है। चूंकि 15 दिसम्बर को हमारे देश की एकता के महान सूत्रधार, सरदार वल्लभ भाई की पुण्यतिथि है, अतरू उनके विचारों, कृत्यों के माध्यम से ज्ञान का प्रसार करना और उनकी राष्ट्रवादी भावना को अपनाना ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि अर्पित करना होगा। भारत की जनता स्वतंत्रता संग्राम के दौरान उनके कुशल नेतृत्व तथा स्वतंत्रता के बाद उनकी दूरदर्शिता, बुद्धिमत्ता और राजनीतिज्ञता की सदैव ऋणी रहेगी। अहमदाबाद के निगम पार्षद के रूप में अपने जीवन की शुरुआत करते हुए पटेल भारत के गृह मंत्री और उप प्रधानमंत्री बने। पटेल को विभिन्न हितधारकों के शासन, प्रशासन, महत्व एवं भूमिकाओं और दायित्वों की बहुत गहरी समझ थी। किसी भी परिस्थिति की जटिलताओं का समाधान करने में उनके दृढ़ निश्चय के कारण वे जनता के बीच एक जिम्मेदार और विवेकपूर्ण व्यक्तित्व के रूप में उभरे। उन्होंने 1922-23 के दौरान सार्वजनिक स्थानों पर राष्ट्रीय ध्वज फहराने के आंदोलन में जनता को प्रेरित करते हुए स्वतंत्रता संग्राम आंदोलन को सक्रिय रूप से सुदृढ़ किया।

बारदोली का अहिंसात्मक सत्याग्रह अंग्रेजों के शक्तिशाली साम्राज्य के विरुद्ध किसानों की प्रभावशाली और अनूठी विजय सिद्ध हुआ। इसके पश्चात महिलाओं ने उन्हें सरदार की उपाधि दी। इस घटना के पश्चात उनके इस कार्य का प्रभाव पूरे भारत पर हुआ। एकता और संगठनात्मक कौशल के लिए दृढ़ निश्चय वाले अनुशासक के रूप में, उन्होंने 1937 के प्रान्तीय चुनावों, व्यक्तिगत सत्याग्रह, भारत छोड़ो आंदोलन में असाधारण योगदान दिया, जिसके चलते उन्हें अपने जीवन के बहुत से वर्ष कारावास में व्यतीत करने पड़े। संविधान सभा की मौलिक अधिकार, अल्पसंख्यक तथा जनजातीय और अपवर्जित क्षेत्रों से संबंधित परामर्शदात्री समिति के अध्यक्ष के रूप में सरदार पटेल ने मौलिक और अल्पसंख्यक नियमों से संबंधित महत्वपूर्ण खंडों के लिए मार्गदर्शन प्रदान किया। उन्होंने इस बात पर भी बल दिया कि अधिकार और कर्तव्य एक ही सिक्के के दो पहलू होते हैं। यद्यपि, मौलिक कर्तव्यों को 1976 के 42वें संविधान संशोधन के माध्यम से बाद में सम्मिलित किया गया। ये उनकी अदम्य तत्परता और अति निर्भीकता ही थी कि उन्होंने एक सीमित अवधि में प्रान्तीय रियासतों को एकीकृत करने के कार्य को सतर्कतापूर्वक पूरा किया।

पटेल के राजनयिक युक्तिकौशल के कारण प्रान्तीय राज्यों का भारतीय संघ में सम्मिलन सुनिश्चित हो सका और इससे देश को संवैधानिक रूपरेखा के अनुरूप संगठित किया

सरकार सोमनाथ मंदिर परिसर को और अधिक आकर्षक बनाने के अलावा, सोमनाथ के समग्र विकास के संबंध में सरदार पटेल के सपनों को साकार कर रही है। सरदार पटेल की 143वीं जयंती के अवसर पर विश्व की सबसे ऊंची प्रतिमा ''स्टेच्यू ऑफयूनिटी'' को राष्ट्र को समर्पित किया गया जो सरदार वल्लभ भाई पटेल की बुद्धिमत्ता का प्रतीक है और भावी पीढ़ियों का मार्ग भी प्रशस्त करती है। 31 अक्तूबर, 2014 से उनकी जयंती को राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाया जाता है। श्एक भारत श्रेष्ठ भारतश् पहल विभिन्न क्षेत्रों के बीच अनवरत और संरचित सांस्कृतिक संबंधों को और अधिक सुदृढ़ करती है। इस यथार्थ को स्वीकार करना भी युक्तियुक्त होगा कि आज हमें विरासत में जो कुछ मिला है उसके लिए हम अपने पूर्वजों के ऋणी हैं। उन्होंने इस अवसंरचना को संस्थागत बनाने के लिए कठोर परिश्रम किया था जिससे संपूर्ण राष्ट्र के लिए नई ऊंचाइयां और बुलंदियां निर्धारित किए जाने के लिए पूर्ण क्षमता प्राप्त करने और आगे बढ़ने के लिए भारत के लोग और सशक्त होंगे।

जा सका। शेख अब्दुल्ला के दबाव में पंडित जवाहर लाल नेहरू द्वारा कश्मीर का असफल एकीकरण एक गंभीर गलती थी। 23 दिसम्बर, 1943 को नेहरू ने जम्मू-कश्मीर को पटेल के नियंत्रण से निकालकर इसे गोपाल स्वामी अयंगर के नियंत्रणाधीन दे दिया। इससे पटेल की भावनाएं गहराई से आहत हुईं और उन्होंने नेहरू के एक पत्र का उत्तर देने के दौरान उनसे अपना त्यागपत्र देने की इच्छा व्यक्त की थी। यदि पटेल को इस मामले का प्रबंधन करने के लिए पूरी स्वतंत्रता के साथ जिम्मेदारी दे दी जाती तो कश्मीर की समस्या कहीं भी नहीं होती। संविधान सभा के तीन प्रमुख सदस्य यथा अर्थात डॉ. भीमराव अम्बेडकर, श्यामा प्रसाद मुखर्जी और सरदार पटेल ने योजनाएं बनाने के दौरान ही जम्मू-कश्मीर को विशेष दर्जा दिए जाने का विरोध किया था। इन महान ऐतिहासिक गलतियों ने ऐसी स्थिति उत्पन्न कर दी जिस पर पुनरू विचार किया जाना और इतिहास के पृष्ठों पर बारीकी से गौर करना आवश्यक हो जाता है।

स्वतंत्र भारत के प्रधानमंत्री को चुनने के संबंध में कांग्रेस के प्रजातांत्रिक मूल्यों से संबंधित उनका खोखलापन और अंतर्दलीय सत्ता संघर्ष स्पष्ट था। यह कहना युक्तियुक्त होगा कि 15 में से 12 कांग्रेस समितियों ने अध्यक्ष के पद के लिए सरदार वल्लभ भाई पटेल का चुनाव किया था और तीन समितियों ने किसी को भी मतदान न करने का निर्णय लिया था, तथापि पंडित नेहरू का चुनाव किया गया और सरदार वल्लभ भाई पटेल को इस महत्वपूर्ण स्थिति से निपटने से वंचित कर दिया गया। इस संबंध में कई जाने-माने नेताओं ने प्रजातंत्रिक पतन और राष्ट्र के लिए उसके नतीजों पर परिचर्चा की। समाजवादी नेता जयप्रकाश नारायण ने भी कहा था कि यदि पंडित नेहरू के स्थान पर सरदार पटेल भारत के प्रथम प्रधानमंत्री होते तो संभवतरू भारत का बंटवारा टाला जा सकता था। 7 नवम्बर, 1950 को सरदार पटेल द्वारा लिखा गया प्रसिद्ध पत्र इस बात को स्पष्ट रूप से उजागर करता है कि वे तिब्बत, चीन और कश्मीर के मामलों पर गलत नीति अपनाए जाने के संबंध में नेहरू की विदेश नीति की जबर्दस्त आलोचना करते थे। यह आलोचना विदेश नीति के संबंध में डॉक्टर अम्बेडकर के विचारों से मेल खाती है।

नेहरूवाद की इन कार्रवाईयों से भारत-पाक और भारत-चीन युद्धों की परिणति सामने आई। लौह पुरुष सरदार पटेल को 41 वर्षों के बाद मृत्युपरांत भारत रत्न देना भी चर्चा का अन्य विषय है जिससे राष्ट्र निर्माण में सरदार पटेल को महिमा मंडित करने और उन्हें उनका स्थान दिए जाने के संबंध में कांग्रेस की द्वेषपूर्ण भावना उजागर होती है। नेहरूवादी और वामपंथी इतिहासकारों के पास तर्कसंगत आधार न होने के बावजूद भी इतिहास में सरदार पटेल की प्रखर भूमिका को उपेक्षित कर दिया गया। इसलीए आने वाली पीढ़ी के लिए उनकी स्मरणीय विरासत को तर्कसंगत रूप में प्रस्तुत करना आवश्यक हो जाता है।

मण्डला की इस कोरोना योद्धा को कभी न भूलिये

सुधीर कसार

जिले की कलेक्टर के मन में एक आम आदमी की तरह यह पीड़ा तो हुई होगी कि कोई एक बार उनसे भी उनका हाल पूछ ले। ढाढ़स बंधा दे कि सब ठीक होगा। कोई तो उन्हें दिलासा दे दे लेकिन विभिन्न मोर्चो पर जूझते और कामयाब होती कलेक्टर हर्षिका सिंह पर विपक्ष और मीडिया सोशल मीडिया निर्मम होकर वार करता रहा और वे खामोशी के साथ सहती रहीं। उनका संजीदा जवाब था-'यह समय आरोप प्रत्यारोप करने के लिए नहीं है। अभी तो साथ चलकर मण्डला वासियो को संकट से उबारने का है। कलेक्टर हर्षिका सिंह हमेशा से मीडिया फ्रेंडली रही हैं. उनकी संवाद कला बेजोड़ है. वे अपनी बात सरलता और सहजता से आम लोगों तक पहुंचाने में हमेशा कामयाब रहती हैं।

हमारा समाज एक नए ताना-बाना भरी जिंदगी जी रहा है, जिसका मकसद सिर्फ और सिर्फ कुछ हासिल करना है। हम स्वयं के अलावा किसी निकट के या एक-दूसरे की चिंता करना लगभग छोड़ दिया है। अपनी जरूरतों के हिसाब से हमने अपनी जिम्मेदारी तय कर दी है कि जो मुखिया है, उसका काम सभी की हिफाजत करना है। मुखिया के लिए जिम्मेदारी तय करते समय हम भूल जाते हैं कि वह मुखिया भी हमारी तरह मनुष्य है। उसके भीतर भी दुख-सुख हिल्लोरे मारता है। कभी उसका भी मन होता होगा कि वह खुलकर हंसे, कभी खुलकर अपनी बात कहे। उसे भी समाज से परस्पर सकारात्मक संवाद की उम्मीद होती है जिसका समय पर मूल्यांकन हो और अपनी बात सहजता से कहने का अवसर भी हो। लेकिन जिम्मेदारी का बोझ इस कदर लाद दिया जाता है कि वह खुद को भूल जाता है। यह हालात घर से लेकर समाज के हर उस तबके में है जो अपनी प्रतिभा से शीर्ष पर बैठा हुआ है। कोरोना महामारी ने तो जैसे इन सब मसलों पर सोचने के लिए विवश कर दिया है। जिला प्रशासन यानि समाधान और समाधान ना बन पाये तो संकट। यह वाक्य थोड़ा कठिन है लेकिन कुछ विषय के बाद समझना आसान हो जाएगा। संकट से निपटना और समाज को राहत दिलाना किसी भी प्रशासन और सरकार का दायित्व है। और जब कोरोना जैसे महामारी का प्रकोप संकट बनकर खड़ा हो जाए तो प्रशासन की प्राथमिकता में यह संकट सबसे ऊपर होता है।

अब प्रशासन यानि कौन?प्रशासन यानि कलेक्टर और कलेक्टर का अर्थ जिला का मुखिया। यह उसका पुरुषार्थ है कि वह अनेक संकटों समस्या को झेलते हुए अपनों लोगों के प्रति निहित दायित्व की पूर्ति में सतत लगा रहता है, लेकिन यह मुखिया भी हमारी तरह हाड़-मांस का बना होता है। उसके भीतर भी एक दिल धडक़ता है। लेकिन उसकी धडकन् को हम नहीं समझना चाहते हैं। उसके

मण्डला कलेक्टर - **हर्षिका सिंह**

भीतर उमड़ते-घुमड़ते दर्द और उल्लास को उसे छिपाना होता है। महादेव की भांति विष पीकर दूसरों को अमृत बांटने की उसकी जवाबदारी होती है।

एक साल से भी अधिक समय से पूरी दुनिया के साथ मण्डला कोरोना महामारी के चपेट में रहा है। कोरोना ने ना केवल मनुष्य के जीवन को समाप्त किया बल्कि सामाजिक-आर्थिक ताना-बाना को भी ध्वस्त किया। इस बीच कलेक्टर के रूप में हर्षिका सिंह को जिले की कमान मिलती है। यह जिमेदारी भी कांटों भरी होती है। कोरोना से जिले वासियों को राहत दिलाने के साथ विकास कार्य,जन कल्याण के कार्य को सतत रूप से जारी रखने की चुनौती। कोरोना की पहली लहर में जिले की स्वास्थ्य सेवायें की स्थिति से जनमानस असंतुष्ट रहा लेकिन जिले के एक मुखिया के नाते उन्हें अपनी जिम्मेदारी का अहसास था। सो वे जिला अस्पताल से लेकर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों के जमीनी कामकाज को परखने का काम किया उसे सुधारने का प्रयास भी किया कोरोना का एक समय गुजर गया लेकिन तूफान के पहले की शांति दिखने लगी थी। कोरोना की दूसरी लहर एक बड़ी चुनौती बनकर सामने आयी। एक समय ऐसा लगा कि सब बेकाबू हो गया है लेकिन यह जिले की महिला कलेक्टर का कठिन इम्तहान का वक्त था। अस्पतालों में बिस्तर की कमी, दवा, इंजेक्शन और ऑक्सीजन नहीं मिल पाने से हाहाकार मच रहा था। तो दूसरी तरफ निजी अस्पताल असहयोग और मनमानी पर उतर आए थे। लोगों में गुस्सा फूट रहा था। ऐसे में कलेक्टर ने अकेले मोर्चा सम्हाला प्रदेश के मुख्यमंत्री के मार्गदर्शन में सारे इंतजाम की बागडोर सम्हाली। अफसरों को निरंतर कसती रही, परखती रही। एक रणनीति बनाकर प्रदेश सरकार व केन्द्र सरकार से सहायता मांगी। उनकी दूरदृष्टि और रणनीति का ही परिणाम था कि सीमित संसाधनों का समुचित उपयोग कर ऑक्सीजन और दवा-इंजेक्शन की कमी पर बहुत कम समय में नियंत्रण पा लिया गया। इस तरह का प्रयास करने वाला मण्डला भी प्रदेश का एक जिला था जिसका अनुकरण बाद में अन्य जिलों ने किया। जिले में निजी अस्पतालों चिकित्सकों व स्वयं सेवी संस्थाओं से मदद लेकर आम आदमी को लूट से निजात दिलाने की भरपूर कोशिश की। आम लोगों से उन्होंने आह्वान किया कि वे जिला अस्पताल जिले के सहयोगी चिकित्सक, अस्पतालों पर भरोसा करें प्रशासन सरकार आपकी हर सम्भव मदद कर रही है।

पाठकों की बात — पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

बीते जा रहे हैं

बीते जा रहे हैं दिन एक पल के बाद दूसरा पल और दूसरे के बाद तीसरा पल पल में ही बीते जा रहे हैं दिन और दिन दिन करते बीते जा रहे हैं महीने फिर वर्ष मन में पल रहे हैं कुंठा , जलन , क्रोध , प्रतिस्पर्धा के भाव और ऐसे ही लग रहा जीवन का दाव अनमोल जीवन मिट्टी में मिलाकर चल देता है मनुष्य छोड़ यहीं का पाया यहीं पर।

- सीमा राय द्विवेदी

भाग्य बारिश का

भाग्य बारिश का पानी है और परिश्रम कुंए का जल बारिश में नहाना आसान तो है लेकिन रोज नहाने के लिए हम बारिश के सहारे नहीं रह सकते।। इसी प्रकार भाग्य से कभी-कभी चीजे आसानी से मिल जाती है किन्तु हमेशा भाग्य के भरोसे नहीं जी सकते। कर्म ही असली भाग्य है। **- कमलकांत डोंगरे**

ख़ास पाती | मैं दिसंबर हूं 2021 में हमेशा



मैं दिसंबर हूं 2021 में हमेशा की तरह फिर से बीत रहा हूं किसी की खूबसूरत यादें व दुःख भरे पल लेकर साल का फिर मेरे अंदर से गुजर जाना हर साल जनवरी कई उम्मीदें जगाती है और मैं जनवरी में किए गए वादे को पूरा करने में मददगार आखिर तक में किसी को टूटने नही देता में फिर से एक नई उम्मीद जगाता हूँ कि में तुम्हारे साथ हूं आख़िर तक हर साल किसी के अधूरे सपने को पूरा करने का आत्मविश्वास जगाता हूँ में फिर आऊँगा अगले साल किसी के सपने को पूरा करने की खुशी को लेकर में साल का अंत नही हूँ में समय देता हूं सबको खुद से किये गए वादे को निभाने का हर साल में हूँ एक आस खूबसूरत जीवन जीने की। **- सीमा नागर**

जनता तो अब जागी है वो



जनता तो अब जागी है वो भागेगा जो दागी है अभिनेता,फरेबी, मक्कार हैं गुण्डे ,चमचे, ढक्कन यार है लो फिर से चुनाव आने लगे ढोंगी, दागी नेता सब तैयार हैं। चरण चुंबन और मक्खनबाजी मीठी बोली बातों मे बदमाशी वोट लूटते और वोटर ठगते इसमें महारत बड़ी अच्छी खासी पहले कूढ़ी पर टेंट गढा अब ऐसी कमरा सेंट भरा पहले जिन वोटर के पैर छुये अब उन वोटर को रहे डरा। सफेदपोश नित नये रूपधरे लूट करी अपने घर,बैंकभरे कुर्सी सत्ता से जनता डरती सच कौन कहे सही कौन करे। आखिर कब तक सहना है जो सच हो वो कहना है। जनता तो अब जागी है वो भागेगा जो दागी है। **- सुधीर वत्स**

राखे राम, संवारे बिगड़े काम

राखे राम, संवारे बिगड़े काम ऊंच -नीच का भेद मिटाये सबरी के जूठे बेर खाये मन में धीर रखे जीवन में वन में भी जीने का सीख सिखाए कभी न भूले अपनी मर्यादा ऐसे थे राम , संवारे बिगड़े काम। **- लक्ष्मी नारायण लहरे**

मोहत है सब देखत ही कहते

मोहत है सब देखत ही कहते मम जीवन के उर वों है बीथि बिहार करैं मिल भाइन्ह राम स्वारुप जो भू पर सों है चारिउ मा अति नीक लगै जव जीवन थाथिन राउर जों है धारण कीन्ह सरासन है प्रभु देखत रूप चराचर मों है बन्धु सखा सब पास बुलाय के खेल करैं मृगया बन जांहीं जव रामहिं तीरहिं प्रान तजैं सुरलोक गए कछु संशय नांही जवने बिधि होय सुखी पुरबासिन्ह राम करैं सबके मन मांही मन लाय सुनै सब बेद पुरानहि मातु पिता गुरु शीश नवांहीं। **- अजय मिश्रा अभिज्ञ**

लड़की के नाम से रिक्वेस्ट आया



लड़की के नाम से रिक्वेस्ट आया देखकर काफी पुरुष तत्काल उसे एक्सेप्ट करते हैं, जबकि 30 सेकंड के लिए भी उसके टाइमलाइन पर जाने पर उन्हें पता चल जाता कि महज 20 घंटे पहले बनी वह आईडी लड़की की नहीं, बल्कि किसी लड़के की है, बस एड करते जाना है म्यूच्यूअल 12 जिसमें एक महिला बाकी सारे पुरुष। **- मिनाक्षी सिंह**

सुख चाहते हो तो रात में जागना

सुख चाहते हो तो रात में जागना नहीं, शांति चाहते हो तो दिन में सोना नहीं,सम्मान चाहते हो तो व्यर्थ बोलना नहीं,प्यार चाहते हो तो अपनों को छोडना नहीं, आरजू होनी चाहिए किसी को याद करने कीज्ज्लम्हें तो अपने आप ही मिल जाते हैं। **- मोना सेन गुप्ता**

गजब का मिश्रण है रिश्तों के

गजब का मिश्रण है रिश्तों के हिसाब में कोई शब्द ना लिख पाये खुली किताब में बस बेखबर रास्ता है पैरों में पड़े हैं छाले जैसे हम तुम अनजान हैं फिर भी जान पहचान वाले।

- प्रवीण माटी

QUIZ TIME

1) भारत में राष्ट्रीय आय की गणना का आधार वर्ष कौन-सा है?
2) भारतीय संविधान में कितने प्रकार के आपात उपबन्ध का वर्णन किया गया है?
3) सहारा मरूस्थल से भूमध्य सागर की ओर बहने वाली गर्म हवा का नाम क्या है?
4) 20 हर्ट्ज़ से नीचे की आवृत्ति वाली ध्वनि तरंगें क्या कहलाती है?
5) 'वेल्थ ऑफनेशन्स ' नामक पुस्तक की रचना किसने की?

Ramaquiz

उत्तरमाला- (1) 2011-12 (2) 3 (3) सिरोको (4) अवश्रव्य तरंगें (5) एडम स्मिथ

आज का इतिहास

नई दिल्ली (वार्ता)। 1631 : इटली के विसुवियस पर्वत का ज्वालामुखी फटने से छह गांव तबाह हो गए, जिससे चार हजार से अधिक लोग मारे गये। 1707 -जापान के माउंट फुजी पर्वत में अंतिम बार ज्वालामुखी विस्फोट हुआ। 1862-नेपाल में संविधान लागू हुआ। 1889 क्क ब्रिटिश संसद की अधिकार घोषणा को राजा विलियम और रानी मेरी ने स्वीकृत कर शासन में जनता के अधिकार को मान्यता दी। 1920 : चीन के कान्सू प्रांत में भीषण भूकंप आने से एक लाख से ज्यादा लोगों की मौत। 1945 : दो बार जापान के प्रधानमंत्री रहे फूमिमारो कनोए ने युद्ध अपराधों का सामना करने की जगह आत्महत्या कर ली। 1951 : हैदराबाद में सालारजंग संग्रहालय की स्थापना की गयी। 1958- कोलंबिया की राजधानी बोगोटा में एक गोदाम में लगी भीषण आग में 82 लोगों की मौत। 1959- पश्चिमी पाकिस्तान के लोवाराय दर्रे में भारी हिमपात से 48 लोगों की मौत। 1960: अमेरिका के न्यूयार्क शहर में दो विमानों के टकराने से 136 लोगों की मौत। 1971 : भारत और पाकिस्तान की सेना के बीच युद्धविराम पर सहमति के बाद पाकिस्तान से पृथक होकर बांग्लादेश एक स्वतंत्र राष्ट्र बना। 1985 : कलपक्कम में देश के पहले फास्ट ब्रीडर परमाणु रिएक्टर ने काम करना शुरू किया। 1991क्ककजाखस्तान ने सोवियत संघ से स्वतंत्रता की घोषणा की। 2004- दूरदर्शन की फ्री टु एयर डीटीएच सेवा 'डीडी डायरेक्ट +' का शुभारंभ। 2006- नेपाल में अंतरिक्ष संविधान को अंतिम रूप दिया गया।

दिवंगत अभिनेता सुशांत सिंह की 'छिछोरे' 7 जनवरी को चीन में होगी रिलीज

मुंबई (वार्ता)। बॉलीवुड के दिवंगत अभिनेता सुशांत सिंह राजपूत की फिल्म 'छिछोरे' 07 जनवरी 2022 को चीन में रिलीज होगी। साजिद नाडियाडवाला निर्मित और नितेश तिवारी निर्देशित फ़िल्म छिछोरे वर्ष 2019 में रिलीज हुयी थी। छिछोरे में सुशांत सिंह राजपूतर ने मुख्य भूमिका निभायी थी। अब यह फिल्म चीन में भी रिलीज़ को जाएगी। फिल्म 'छिछोरे' को 11 हजार स्क्रीनों पर 100 से अधिक शहरों में 07 जनवरी 2022 को रिलीज़ किया जाएगा। यह फिल्म एक ट्रैजिक इंसिडेंट के बारे में है जो मिडल-ऐज अनिरुद्ध (सुशांत सिंह राजपूत) के बीते दिनों को ताज़ा कर देता है और अपने कॉलेज के दिनों सहित अपने दोस्तों को याद करने पर मजबूर हो जाता है जिन्हें लूज़र्स के नाम से जाना जाता था। फिल्म छिछोरे में सुशांत सिंह राजपूत के अलावा, श्रद्धा कपूर, वरुण शर्मा, ताहिर राज भसीन, प्रतीक बब्बर समेत कई कलाकारों ने अभिनय किया है।

बादशाह के साथ काम करेंगे भोजपुरी स्टार पवन

मुंबई (वार्ता)। भोजपुरी सिनेमा के पावर स्टार पवन सिंह, मशहूर रैपर बादशाह के साथ काम करते नजर आ सकते है। पवन सिंह और बादशाह की जोड़ी जल्द ही दर्शकों को देखने को मिल सकती है। पवन सिंह ने बादशाह और आदित्य देव के साथ मुलाकात की है, जिसकी फ़ोटो सोशल मीडिया में वायरल हो चुकी है।कहा जा रहा है कि पानी-पानी के भोजपुरी वर्जन में रैप करने के बाद बादशाह का भोजपुरी से लगाव बेहद बढ़ गया है, इसलिए अब वे एक बार फिर नए सिरे से नए स्टार के साथ काम करने को इक्छुक हैं। इसलिए उनकी मुलाकात पवन सिंह से हुई, जो पहले भी सलीम सुलेमान और पायल देव के साथ मिलकर बड़ी हिट दे चुके हैं। बादशाह का पवन और आदित्य देव से मुलाकात इस बात की ओर इशारा करती है कि ये सभी मिलकर जल्द ही धमाकेदार गाने की जबरदस्त प्लानिंग कर रहे हैं। कहा जा रहा है कि म्यूजिक कंपोजर पायल देव भी इस प्रोजेक्ट का हिस्सा हो सकती हैं, जो पवन सिंह के साथ काम करने को लेकर बेहद कम्फर्टेबल हैं।

रांची में हो रही हिंदी वेब सीरीज धुरंधर की शूटिंग

रांची (वार्ता)। बेहतरीन लोकेशन्स और सरकार के सहयोग की वजह से झारखंड बॉलीवुड के मेकर्स की पसंद बन नही है। कई ऐसी हिंदी व क्षेत्रीय भाषा की फ़िल्में और वेबसिरिज रिलीज हुई हैं जिसकी पूरी शूटिंग रांची या झारखंड के ही विभिन्न लोकेशनो पर कि गयी है। इसी कड़ी में एक और नाम धुरंधर का भी जुड़ने वाला है जिसकी शूटिंग मंगलवार से होटल रेडिशन ब्लू में शुरू हुई है। इस वेब सीरीज में बॉलीवुड और हिंदी टेलीविजन के कई बड़े चेहरे नजर आएंगे साथ ही रांची के ही निक्षय मौर्य मुख्य किरदार में दिखेंगे । फ़िल्म का निर्देशन प्रसिद्ध निर्देशक राजीव रंजन दास करेंगे। इन बातों की जानकारी आज यहां आयोजित संवाददाता सम्मेलन में दी गयी। इस संवाददाता सम्मेलन में कृष्णा व साई बाबा फेम मुकुल नाग,दबंग फेम राम सुजान सिंह, निक्षय मौर्य, एक दूजे के वास्ते फेम जया वर्मा, साथ निभाना साथिया फेम आलोक कपूर व चर्चित एक्ट्रेस निभा सहाय मौजूद रही। सभी ने एक स्वर में झारखंड के लोकेशनों की खूब तारीफ की।

टेलीविजन के मंजे हुए कलाकार कृष्णा में सुदामा व साई बाबा के देश भर में प्रसिद्ध मुकुल नाग ने प्रेस संबोधन में कहा झारखंड में असीम संभावनाएं हैं। यहाँ के खान पान और लोगो का सरल स्वभाव विश्व भर में प्रसिद्ध है। कई फिल्मे व सीरियल करने के बाद जब धुरंधर की स्टोरी सुनी और न नही कर पाया। एक बेहतरीन वेब सीरीज कर रहा हूँ जिसे हर सिने प्रेमी को देखना चाहिए। प्रसिद्ध फ़िल्म कलाकार दबंग फेम राम सुजान सिंह ने कहा झारखंड हमारे घर जैसा है। मैं बिहार का रहने वाला हूं और ये भी कभी बिहार हुआ करता था । यहाँ बचपन से आना जाना होता रहा है। आज यहां के सरकार द्वारा कला संस्कृति के प्रति इतना सजग देख खुशी होती है। यहाँ के बच्चों के टैलेंट को देखता हूं तो आश्यर्य होती है। धुरंधर एक बेहतरीन वेब सीरीज बनने जा रही है। रांची के ही निवासी व इस सीरीज के मुख्य कलाकार निक्षय मौर्य ने कहा इस सीरीज के किरदार थोड़े चैलेंजिंग हैं लेकिन बेहतरीन। इस फ़िल्म में काफी अनुभवी कलाकार हैं।

जॉन अब्राहम की फिल्म अटैक का टीजर रिलीज

मुंबई (वार्ता)। बॉलीवुड के माचो हीरो जॉन अब्राहम की आने वाली फिल्म अटैक का टीजर रिलीज कर दिया गया है।

जॉन अब्राहम इन दिनों अपनी आगामी फिल्म अटैक को लेकर चर्चा में हैं। फिल्म अटैक का ऑफिसियल टीजर रिलीज कर दिया गया है। इसमें जॉन जबरदस्त एक्शन करते हुए दिखाई दे रहे हैं। फिल्म में जॉन के साथ जैकलीन फर्नांडीस और रकुल प्रीत सिंह नजर आने वाली हैं। टीजर की शुरुआत गाने से होती है। इसके बाद जॉन का एक्शन अवतार देखने को मिलता है।

गौरतलब है कि एक्शन और ड्रामा से भरपूर फिल्म अटैक एक एक्शन ओरिएंटेड वेंचर है। फिल्म की कहानी रेंजर ऑफिसर द्वारा किए गए मिशन पर आधारित है। यह फिल्म 28 जनवरी 2022 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। फिल्म का निर्देशन लक्ष्य राज आनंद ने किया है। वहीं फिल्म को जॉन अब्राहम ने पैन इंडिया स्टूडियोज और अजय कपूर के साथ मिलकर को- प्रोड्यूस किया है।

न्यूज गैलरी

एडिडास इंडिया ने अपना मोबाइल ऐप किया लांच

नई दिल्ली (वार्ता)। स्पोर्ट्वीयर के क्षेत्र के अग्रणी ब्रांड एडिडास इंडिया ने अपना मोबाइल शॉपिंग ऐप पेश किया है ताकि देश भर में अपने ग्राहकों को खरीदारी का एक बेहतर, डिजिटल अनुभव पेश कर सके। कंपनी ने कहा कि स्पोर्ट और स्टाइल के घर एडिडास ऐप का लक्ष्य उपभोक्ताओं को कार्रवाई के करीब लाना है और इसके लिए यह उन्हें ब्रांड की नवीनतम तथा सबसे अभिनव खेल पेशकशों, स्नीकर ड्रॉप्स, मौसमी अपैरल रिलीज तथा गीयर तक तत्काल पहुंच मुहैया कराई जाती है जो उनकी निजी स्टाइल के अनुकूल होते हैं। मोबाइल ऐप को इस तरह डिजाइन किया गया है कि ग्राहकों को खरीदारी का व्यैक्तिक अनुभव मुहैया करवाए। इसे एआई (कृत्रिम बुद्धिमत्ता) टेक्नालॉजी से सशक्त किया गया है और उपयोगकर्ता के नए तथा बेहतर विश लिस्ट से उपयोग से यह उनकी प्राथमिकताएं समझता है। इसमें लाइव चैट का विकल्प है तथा एआर ट्राई-ऑन भी। उपभोक्ताओं के लिए यह एक सरल और सुरक्षित चेकआउट मुहैया करवाता है तथा कुछ ही बटन दबाकर इसकी पहुंच विशेष पेशकशों, पुरस्कार, उपहार, एक्सक्लूसिव आयोजन तक हो सकती है।

प्रणय प्री-क्वार्टर फाइनल में, अर्जुन-ध्रुव हारे

हुएल्वा (स्पेन) (वार्ता)। भारत के एचएस प्रणय बुधवार को अपना दूसरे दौर का मुकाबला जीत कर स्पेन के हुएल्वा में जारी बीडब्लूएफ विश्व बैडमिंटन चैंपियनशिप के राउंड ऑफ 16 यानी प्री-क्वार्टर फाइनल में पहुंच गए। इस बीच एमआर अर्जुन और ध्रुव कपिला की भारतीय पुरुष युगल जोड़ी पहले दौर के मुकाबले में हार के साथ टूर्नामेंट से बाहर हो गई। प्रणय ने मुकाबले में मलेशिया के टॉप रैंक खिलाड़ी लियू डेरेन को 42 मिनट में लगातार गेमों में 21-7, 21-17 से धूल चटाई। भारतीय खिलाड़ी ने शुरुआत से मैच में अपना दबदबा बना कर रखा और अनुभवी मलेशियाई खिलाड़ी को दबाव में रखा। आक्रामक तरीके से खेलते हुए प्रणय ने मैच में तीन गेम प्वाइंट बनाए, जबकि लियू एक भी गेम प्वाइंट न बना सके। वहीं अर्जुन और ध्रुव की जोड़ी को पुरुष युगल के पहले दौर के मुकाबले में व्लादिमीर इवानोव और इवान सोजोनोव की रूसी जोड़ी से हार का सामना करना पड़ा।

मुझे टेस्ट टीम की घोषणा से डेढ़ घंटे पहले ही वनडे कप्तानी से हटा दिया गया था : विराट

मुंबई (वार्ता)। भारतीय टेस्ट कप्तान विराट कोहली ने बुधवार को कहा कि टेस्ट टीम की घोषणा होने से डेढ़ घंटे पहले उन्हें वनडे टीम की कप्तानी से हटा दिया गया था। इसकी सूचना उन्हें मुख्य चयनकर्ता से मिली थी। उन्होंने यह भी कहा कि वह वनडे सीरीज़ के लिए उपलब्ध हैं और मीडिया में उनके आराम करने के रिपोर्ट्स झूठे हैं। इसके अलावा उनकी इस बारे में टीम प्रबंधन से कोई बात नहीं हुई।

रोहित शर्मा को दक्षिण अफ़्रीका दौरे से पहले वनडे टीम का कप्तान बनाया गया। इसके अलावा उन्हें टेस्ट टीम की उपकप्तानी की भी ज़िम्मेदारी सौंपी गई। रोहित हेमस्ट्रिंग चोट के कारण दक्षिण अफ्रीका के टेस्ट दौरे से हट चुके हैं। दक्षिण अफ़्रीका दौरे से पहले प्रेस कॉन्फ्रेंस में बुधवार को टेस्ट कप्तान विराट ने कहा , ÷आठ दिसंबर को मुख्य चयनकर्ता ने पहले मुझसे टेस्ट टीम के बारे में विमर्श किया। उसके बाद उन्होंने मुझे जानकारी दी कि मैं अब वनडे कप्तान नहीं हूं और यह पांचों चयनकर्ताओं का फ़ैसला था । मैंने भी 'ओके फ़ाइन' कहके उनका जवाब दिया। बस उस दिन यही हुआ था। इसके पहले मुझसे इस बारे में कोई चर्चा नहीं हुई थी। वनडे सीरीज़ के लिए अनुपलब्ध रहने की बात पर विराट ने कहा कि यह सब झूठ है। वह हमेशा से उपलब्ध थे। उन्होंने कहा, आप लोगों को मुझसे नहीं उनसे यह सवाल करना चाहिए, जो अपने सोर्स के हवाले से ऐसी ख़बरें लिख रहे थे। मेरी बीसीसीआई से भी इस बारे में कोई बात नहीं हुई थी कि मैं आराम चाहता हूं। जो लोग ऐसी रिपोर्ट लिख रहे थे, वे विश्वसनीय नहीं हैं। मैं दक्षिण अफ़्रीका दौरे के वनडे मैचों के लिए भी उपलब्ध हूं और हमेशा से ही भारत के लिए खेलना चाहता हूं।

विराट ने साथ ही कहा ,''जब मैंने टी 20 कप्तानी छोड़ने का फैसला किया था और बीसीसीआई से अपने फैसले को लेकर संपर्क किया था तो मेरे फैसले का स्वागत किया गया।

मिंत्रा का ईओआरएस 18 दिसंबर से

नई दिल्ली (वार्ता)। मेगा फैशन कार्निवल, मिंत्रा के बाई-एन्युअल ईओआरएस का 15वां संस्करण नए साल से पहले लाखों शॉपर्स की खुशी बढ़ाने के लिए आ रहा है। इस बार ईओआरएस का आयोजन 18 दिसंबर से 23 दिसंबर के बीच होगा।

कंपनी ने आज यहां जारी बयान में कहा कि इस आयोजन में शॉपर्स को ईओआरएस के अब तक के सबसे बड़े संग्रह में 5,000 से ज्यादा ब्रांड मिलेंगे। यह 6 दिवसीय ऑफर में 40 लाख ग्राहकों की फैशन, ब्यूटी एवं लाईफस्टाईल की जरूरतों को पूरा करेगी।

इस बार बीएयू के दिनों में डिमांड के 2.5 गुना तक बढ़ने की उम्मीद है। पिछली सर्दियों के मुकाबले 20 प्रतिशत ज्यादा ट्रैफिक के साथ मिंत्रा को इस दौरान 700,000 नए ग्राहकों तथा 45 फीसदी ट्रैफिक टियर 2 एवं टियर 3 शहरों से आने की उम्मीद है। एक जिम्मेदार कॉर्पोरेट संगठन के रूप में मिंत्रा सरकार द्वारा जारी किए गए सुरक्षा प्रोटोकॉल्स और दिशानिर्देशों का सख्ती से पालन करता है। इसके अलावा संगठन अपने बनाए नियमों का भी पालन करता है। मिंत्रा सोशल डिस्टैंसिंग के साथ अन्य उपायों का पालन करने के लिए कैशलेस एवं कॉन्टैक्टलेस डिलीवरी को प्रोत्साहित करता है।

ग्रीन ईओआरएस - मिंत्रा रिसाईक्लेबल पेपर से बनी डिलीवरी पैकेजिंग के साथ प्लास्टिक-फ्री हो जाएगा। देश में फैशन, लाईफस्टाईल और ब्यूटी के क्षेत्र में एक प्रमुख कंपनी के रूप में मिंत्रा ने अपने सेलर ईकोसिस्टम को सस्टेनेबल पैकेजिंग विकल्प अपनाने और पूरी सप्लाई चेन में पर्यावरण पर सकारात्मक प्रभाव उत्पन्न करने में समर्थ बनाने की पहल की है। इसके अलावा, मिंत्रा सामान की कुशनिंग करने के लिए रिसाईकल्स पेपर का इस्तेमाल करता है।

भारत-दक्षिण अफ्रीका सीरीज़ में होगा सख्त बायो-बबल

जोहानसबर्ग (वार्ता)। भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच होने वाली आगामी सीरीज में अगर कोई व्यक्ति कोरोना पॉज़िटिव पाया जाता है तो लक्षण गंभीर नहीं होने तक उसे बायो-बबल से बाहर ना जाते हुए अपने कमरे में ही क्वारंटीन रहना होगा। साथ ही उसके तत्काल संपर्क में आए लोगों को आइसोलेट करने की कोई आवश्यकता नहीं होगी। यह मेहमान टीम के जोहानसबर्ग पहुंचने से पहले क्रिकेट साउथ अफ़्रीका (सीएसए) द्वारा बनाए गए बायो-बबल के सख़्त नियमों का हिस्सा हैं। सीएसए के मुख्य चिकित्सा अधिकारी शुएब मंजरा के अनुसार दोनों बोर्ड इस बात पर सहमत हुए हैं कि बायो-बबल में किसी भी पॉज़िटिव मामले से निपटना आसान होगा। मंजरा ने क्रिकइंफ़ो को बताया, ÷यह ध्यान में रखते हुए कि बायो-बबल में रहने वाले सभी सदस्यों का पूरा टीकाकरण हो चुका है, अगर पॉज़िटिव पाया गया व्यक्ति स्थिर हालत में हो, तो वह अपने कमरे में ही क्वारंटीन हो सकता है। तत्काल संपर्क में आए लोगों का लगातार कोरोना टेस्ट किया जाएगा और वह खेलना जारी रखेंगे।÷

मंजरा ने यह भी बताया कि ओमिक्रॉन वेरियंट के कारण उन्हें बायो-बबल बनाने की योजना में बदलाव करने पड़े।

बायोसिरप से इथेनॉल का उत्पादन पूरे वर्ष हुआ संभव

नई दिल्ली (वार्ता)। प्राज इंडस्ट्रीज लिमिटेड ने गन्ने के रस पर प्रक्रिया करने के लिए एक नवप्रवर्तक समाधान की घोषणा की है। इससे रस का रूपांतरण बायोसिरप नामक एक नए शाश्वत फीडस्टॉक में होगा, जिससे इथेनॉल का उत्पादन पूरे वर्ष भर करना संभव हो जाएगा। प्राज ने गन्ने के रस पर प्रक्रिया करने की नई तकनीक विकसित कर के उसका पेटंट भी लिया है, क्योंकि गन्ने का रस नाशवान तथा मौसमी पदार्थ होता है जिसे सामान्य स्थिति में 24 घंटों से अधिक समय तक भंड़ारित नहीं किया जा सकता। लेकिन चूंकि इस प्रक्रिया से रस का रूपांतरण अनुकूलित बायोसिरप में किया जाता है, वह 12 महीनों तक स्टोर किया जा सकता है। इस सुविधा का उपयोग कर के शक्कर फैक्ट्रियाँ, गन्ने की ऋतु खत्म होने के बाद भी, इथेनॉल बना सकती हैं जिससे उनकी उत्पादन क्षमता बढ़ कर अधिकतम मुनाफा भी कमाया जा सकता है।

पेट्रोल और डीजल में 41 वें दिन स्थिरता

नई दिल्ली (वार्ता)। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल में नरमी के बावजूद आज लगातार 41 वें दिन देश में पेट्रोल और डीजल की कीमतों में स्थिरता बनी रही।

दिल्ली में गत दो दिसंबर को वैट में कमी किये जाने के कारण पेट्रोल की कीमतें करीब आठ रुपये प्रति लीटर कम हुआ था और उसके बाद से दिल्ली में पेट्रोल 95.41 रुपये प्रति लीटर पर और डीजल 86.67 रुपये प्रति लीटर पर स्थिर है। आज सिंगापुर में लंदन ब्रेंट क्रूड 1.32 प्रतिशत की गिरावट के साथ 72.75 डॉलर प्रति बैरल पर और अमेरिकी क्रूड 1.46 प्रतिशत उतरकर 69.70 डॉलर प्रति बैरल पर कारोबार कर रहा। केन्द्र सरकार द्वारा पेट्रोल और डीजल पर उत्पाद शुल्क में क्रमशः पांच रुपये तथा 10 रुपये प्रति लीटर की कमी करने से देश में इसकी कीमतों में कमी आयी थी। इसके बाद उत्तर प्रदेश, कर्नाटक सहित देश के 22 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों ने इन दोनों उत्पादों पर मूल्य वर्धित कर (वैट) में कमी की थी। राजधानी दिल्ली में वैट कम किये जाने के कारण इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड (आईओसीएल) के पंप पर पेट्रोल की कीमत 95.41 रुपये प्रति लीटर पर और डीजल के दाम 86.67 रुपये प्रति लीटर पर टिके रहे।

फोनपे ने 2.5 करोड़ किराना दुकानों को जोड़ा डिजिटल दुनिया से

नई दिल्ली (वार्ता)। डिजिटल भुगतान प्लेटफॉर्म फोनपे ने आज घोषणा की कि उसने भारत में 2.5 करोड़ छोटे व्यापारियों और किराना स्टोरों का डिजिटलीकरण कर दिया है।

कंपनी ने यह भी कहा कि इस प्लेटफॉर्म पर ऑफलाइन मर्चेंट ट्रांजैक्शन में पिछले साल से 200 फीसदी की बढ़ोतरी दर्ज की गई है। फोनपे ने इस वृद्धि का श्रेय पूरे भारत में कंपनी के मर्चेंट एक्सेप्टेंस नेटवर्क को चलाने और समर्थन करने वाले 1,25,000 मजबूत फील्ड फोर्स के साथ, भौगोलिक क्षेत्रों में ऑफलाइन मर्चेंट स्वीकृति में देखे गए तेजी से विस्तार को दिया है। यहां जारी बयान में उसने कहा कि फोनपे का अब 15,700 कस्बों और गांवों में एक मर्चेंट नेटवर्क है, जो देश के पिन कोड का 99 प्रतिशत हिस्सा है। कंपनी ने पहले 2021 के अंत तक 2.5 करोड़ की संख्या तक पहुँचने की अपनी योजना की घोषणा की थी, और इस लक्ष्य को निर्धारित समय से कुछ सप्ताह पहले हासिल कर लिया है।

व्यापार

दूसरे देशों के साथ व्यापार गठबंधन में वृद्धि हो रही प्रोत्साहित

गोयल की पड़ोसी देशों से मिलकर काम करने की अपील

नई दिल्ली (वार्ता)। केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने पड़ोसी देशों के सहयोगी मंत्रियों से उपमहाद्वीप को रूपांतरित करने के लिए साथ मिल कर काम करने का आग्रह किया है।

वह आज नई दिल्ली से वर्चुअल रूप से ''सीआईआईः साझीदारी सम्मेलन-मंत्रीस्तरीय बैठक को संबोधित कर रहे थे।

श्री गोयल ने साऊदर्न अफ्रीकन कस्टम्स यूनियन जिसमें बोस्तवाना, नामीबिया, दक्षिणी अफ्रीका, स्वजीलैंड तथा लेसोथो शामिल है, के साथ भारत के आर्थिक संबंध बढ़ाने की अपील की। उन्होंने कहा कि भारत प्रमुख स्तंभों के रूप में पारदर्शिता और परस्पर लाभ तथा विकास के साथ समान विचारधारा वाले देशों के साथ एफ्टीए करने पर विचार कर रहा है। उन्होंने कहा कि भारत आसियान, जापान, कोरिया के साथ विद्यमान एफ्टीए की भी समीक्षा करने पर विचार कर रहा है जिससे उन्हें सुदृढ़ बनाया जा सके तथा यूएई, ईयू, ब्रिटेन, इजरायल, ऑस्ट्रेलिया, कनाडा, रूस, ओमान तथा जीसीसी जैसे देशों के साथ व्यापार गठबंधन में वृद्धि को प्रोत्साहित कर रहा है।

श्री गोयल ने कहा कि कोविड-19 महामारी के दौरान, भारत अनुकूलता के एक स्रोत तथा भरोसेमंद साझीदार के रूप में उभरा है। उन्होंने यह भी कहा कि हमने सभी अंतरराष्ट्रीय सेवा प्रतिबद्धताओं को पूरी करने के लिए अपनी सर्वश्रेष्ठ क्षमता के साथ प्रयास किया था।

उन्होंने कहा कि महामारी के प्रकोप के दौरान, भारत न केवल महत्वपूर्ण चिकित्सा आपूर्तियों, पीपीई, टेस्टिंग किट्स, मास्क, आदि के उत्पादन में आत्म निर्भर बन गया था, बल्कि इसने जरुरतमंद देशों को इन आवश्यक वस्तुओं की आपूर्ति भी की थी। उन्होंने भारत के अपनी तरह के पहले टीकाकरण अभियान को रेखांकित किया । श्री गोयल ने यह भी भरोसा दिलाया कि भारत जरुरतमंद देशों की सहायता करना जारी रखेगा क्योंकि हम मूलभूत रूप से भाईचारा, साझीदारी में विश्वास रखते हैं और समस्याओं का सामूहिक रूप से समाधान करने के लिए हमें एक साथ मिल कर काम करने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि भारत ने महामारी के दौरान अपने पड़ोसी देशों पर ध्यान केंद्रित किया था और टीकों तथा चिकित्सा आपूर्तियों के साथ अपने सभी मित्रों की सहायता के लिए उनके साथ तैयार रहा।

यह इंगित करते हुए कि इस वर्ष जी20 घोषणापत्र में भारत की आवाज दृष्टिगोचर रही थी, जिसने विश्व के विकासशील देशों की आवाज सफ्लतापूर्वक बढ़ाई, श्री गोयल ने कहा कि विश्व भारत के नेतृत्व को स्वीकार कर रहा है। श्री गोयल ने कहा कि भारतीय अर्थव्यवस्था में तेज गति से सुधार हुआ है और बताया कि बढ़ते आर्थिक संकेतक 'विकास दशक के लिए आकार लेता भारत' की ओर इशारा कर रहे हैं।

बाजी गेम्स ने बाजी मोबाइल गेमिंग के साथ हाइपर-कैजुअल गेमिंग में किया प्रवेश

नई दिल्ली (वार्ता)। भारतीय ऑनलाइन गेमिंग सेग्मेंट में दिग्गज कंपनी बाज़ी गेम्स ने बाज़ी मोबाइल गेमिंग (बीएमजी) के संकलन के साथ अपने पोर्टफोलियो को और विविधितापूर्ण बनाया है। यह संपूर्ण रूप से सोशल इंटरएक्टिव गेमिंग एप्लिकेशन है। इन गेम्स को उन यूजर्स की कम्युनिटी के लिए खासतौर से लॉन्च किया गया है, जिसमें संज्ञान लेने, समस्याओं को हल करने और जोखिम लेने की क्षमता का बेहतर तालमेल है। इन्हे बाज़ीगर कहा जाता है। इस एप्लिकेशन में उन गेम्स पर फोकस किया जाएगा, जिसमें हाथ और आंख के बेहतर तालमेल के कौशल की परीक्षा होगी, इसके साथ यूजर्स की याददाश्त और समस्याओं को हल करने की क्षमता को परखा जाएगा। बाज़ी गेम्स ने बीएमजी को अपनी इन हाउस टेक?नोलॉजी के साथ विकसित किया है। बीएमजी का इरादा टियर 2 और टियर 3 शहरों में अलग-अलग आयु वर्ग के लोगों, सामाजिक-आर्थिक समूहों और शहरों के लोगों तक पहुंच बनाने पर अपना ध्यान फोकस करना है। इसे एप्लीकेशन के ज़रिये बाज़ी गेम्स ÷भारत÷ की क्षमता को पूर्ण रूप से उभारना चाहता है। बीएमजी अलग-अलग तरह के खेल टूर्नामेंटस की मेजबानी भी करेगा जिनकी एंट्री फीस केवल 1 रुपये से शुरू होगी। इस प्लेटफॉर्म पर बॉटल शूट, नाइफहिट, स?टड राइडर, सिटी क्रिकेट, निंजा एक्शन 2 और फ्रूट चॉप समेत दूसरे गेम्स शामिल होंगे।

प्रदर्शन कर रहे दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों को मिला भाजपा का समर्थन

■ पूर्व सीएम रमन ने कहा हम करेंगे मांग पूरी

रायपुर/नवप्रदेश। दैनिक वेतन भोगी कर्मचारी बीते कई दिनों से हड़ताल पर हैं। राजधानी में पुरे प्रदेशभर से कर्मचारी एकजुट हुए हैं। आंदोलनकारियों के समर्थन में नेता प्रतिपक्ष धरमलाल कौशिक और पूर्व मुख्यमंत्री रमन सिंह बुधवार को धरना स्थल पहुंचे। जहां उन्होंने प्रदर्शनकारियों के साथ कंधे से कलड्ढा मिलकर खड़े होने की बात कही।

पूर्व मुख्यमंत्री डॉ.रमन सिंह ने हड़ताल पर बैठे दैनिक वेतनभोगी कर्मचारियों के समर्थन में कहा कि 2 साल बाद जब समय परिवर्तन होगा तो भाजपा आपकी मांगों को पूरा करने का काम करेगी, मेरा और

बीजेपी के पूरे विधायकों का समर्थन आपके पक्ष में हैं। उन्होंने कहा अनियमित कर्मचारियों को नियमित करने का काम भी भाजपा ने अपने कार्यकाल में किया था,जिसमे 1 लाख से ज्यादा संख्या में आज कार्यरत हैं।

उन्होंने कहा कि आज हजारों कर्मचारियों को नौकरी से निकाला जा रहा, पद से हटाया जा रहा है, जो सरासर गलत है। गंगा जल और गीता लेकर बड़े-बड़े वादे कांग्रेस ने किए थे, जिसे वे निभा नहीं पा रहे हैं। उन्होंने कहा कि विधानसभा में सरकार ने बताया कि 4 लाख लोगों को रोजगार दिया गया। शराब पहुंचाने के लिए लोगों को लगाया है, वहीं उनका रोजगार है।

गोबर इटकट्ठा कर कंडे बनाकर बेचने के लिए लोगों को लगाया गया है। रेडी टू ईट फूड की महिलाएं आज सरकार से काम वापस मांग रही हैं। आज काफी कर्मचारियों द्वारा धरना दिया जा रहा, लेकिन ये सरकार किसी की बात नहीं सुन रही है। सरकार ने अब तक 80 हजार करोड़ का कर्ज लिया है,जिसका बोझ आखिरकार जनता पर ही आएगा। वहीं धरमलाल कौशिक ने कहा कि कांग्रेस की सरकार वोट लेकर जनता को भूल गई है।

इस साल के अंत में टीकाकरण का महाभियान 29 दिसम्बर को

